हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** डीजे बजाने के दौरान पूर्व में हुए विवाद का बदला लेने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 मई के सुबह 3 बजे लगभग आरोपी वेंकटेश प्रसाद साहू, गणेश कुमार, गुमेश कुमार, गोपेन्द्र कुमार द्वारा एक राय होकर पीड़ित आशीष साहू के साथ डीजे बजाने के समय हुई विवाद की रंजिश को लेकर पीडित आशीष साहू जब अपने घर के छत में सो रहा था, तब उसके घर में बालातपूर्वक प्रवेश कर पीडित को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर चोंट पहुंचाए। जिससे पीडित के गाल, आंख, सिर में चोट आया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सोमनी में धारा-206, 115(2), 351(2), 331(6) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया। इस मामले में सोमनी पुलिस की टीम गठित कर आरोपी वेंकटेश प्रसाद साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरा, गणेश कुमार निषाद 23 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरा, गुमेश कुमार उइके 20 वर्ष निवासी पोड़िया, गोपेन्द्र कुमार 21 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरा को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### छुरा लेकर घूमते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सूचना पर एक युवक को धारदार छुरा लेकर घूमते पकड़ा। जिसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार थाना सोमनी द्वारा लगातार सघन पेट्रोलिंग कर कार्रवाई की जा रही है। 12 मई को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति इलेक्जर कार्बो प्राईवेट लिमिटेड कंपनी बिरेझर के पास अपने हाथ में लोहा का छुरा रखा है और आने-जाने वाले लोगो को डरा-धमका रहा है। सूचना पर थाना सोमनी तत्कालीन प्रभारी अधिकारी उपनिरीक्षक मोहम्मद जलालुद्दीन खान द्वारा तत्काल सोमनी पुलिस टीम गठित कर घटना स्थल इलेक्जर कार्बो प्राईवेट लिमिटेड कंपनी बिरेझर पहुंचे, जहां एक व्यक्ति एक लोहे का धारधार छुरा अपने दाहिने हाथ में लेकर लहरा रहा था। आरोपी सुरेश साहू पिता स्व. रेवाराम साहू 43 वर्ष साकिन स्टेशन मुढीपार थाना सोमनी को लोहे का धारदार छुरा के साथ पकड़कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया व रिमांड पर भेजा गया।

# चौड़ीकरण की बलि चढ़ेंगे चार हजार से ज्यादा पेड़, माहांत तक जारी होगा टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

राजनांदगांव से मानपुर तक नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण में करीब चार हजार से ज्यादा पेड़ों की बलि चढ़ेगी। पीडब्लयूडी महकमे ने टेंडर प्रक्रिया काल करने के पहले चपेट में आने वाले वृक्षों की गिनती का काम पूरा कर लिया है। इस माहांत तक 290 करोड़ रुपए के इस प्रोजेक्ट की टेंडर प्रक्रिया शुरू किए जाने की तैयारी है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि बारिश के बाद सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने राजनांदगांव से मानपुर तक नेशनल हाईवे को चौड़ीकृत किए जाने के प्रस्ताव पर हरी झंडी दिखाई है। सीआरआईएफ मद से 94 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण 290 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। प्रोजेक्ट को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी महकमे ने सर्वे का काम पूरा कर लिया है। सर्वे में चौड़ीकरण की हद में आने वाले पेड़ों से लेकर निजी जमीन और मकानों को शामिल किया गया है। सूत्रों ने बताया कि महकमे ने मानपुर से लेकर राजनांदगांव तक करीब चार हजार से ज्यादा पेड़ों में मार्किंग की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके अलावा निजी जमीन और मकानों के भू-अर्जन को लेकर भी रिपोर्ट तैयार की गई है। सूत्रों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का टेंडर इस माहांत तक जारी कर दिया जाएगा। दो माह के भीतर टेंडर प्रक्रिया को पूरा करने के उपरांत बारिश के निपटते ही निर्माण काम शुरू किए जाने की भी तैयारी है।

## 300 करोड़ का प्रोजेक्ट की शुरू होगी टेंडर प्रक्रिया

### दस मीटर चौड़ा होगा हाईवे

राजनांदगांव से मानपुर तक की सड़क की चौड़ाई अभी सात मीटर है। इस प्रोजेक्ट में कई स्थानों पर जहां सड़क को दस मीटर चौड़ा किए जाएगा। वहीं फ्लाई ओवर में इसकी चौड़ाई और अधिक होगी। केंद्र सरकार ने पीडब्लयूडी महकमे द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट पर अपनी मंजूरी दे दी है। विभागीय अमला फिलहाल टेंडर की तैयारियों में जुटा हुआ है।



### खैरागढ़ रोड की भी तैयारी शुरू, जल्द होगा काम

राज्य सरकार ने राजनांदगांव से खैरागढ़ तक सड़क को चौड़ीकरण के लिए अपनी प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। इस मार्ग में आए दिन हो रहे दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में सड़क को अब दस मीटर तक चौड़ा किए जाएगा। बताया जाता है कि प्रशासकीय स्वीकृत मिलने के बाद शीघ्र ही इस प्रोजेक्ट का भी टेंडर काल किया जाएगा।

## अब तक महज 25 स्टैक का ही उठाव, जिले में कुल 1400 स्टैक धान

# बाजार में धान की कीमत गिरने से मिलर्स ने खीचें हाथ, बीडिंग बाद भी उठाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में अन्नदाताओं से 3100 रुपए की कीमत में धान खरीदने वाली साय सरकार को अतिरिक्त धान की नीलामी में लगभग हजार रुपए प्रति क्विंटल का नुकसान झेलना पड़ रहा है। पिछले एक महीने के दौरान अतिरिक्त धान को बेचने के लिए कराई गई नीलामी प्रक्रिया के बाद मिलर्स को 1900 रुपए में धान दिया जा रहा है।

जबकि खुले बाजार में धान की कीमत गिरने के बाद मिलर्स इस कीमत पर भी धान लेने को लेकर उत्साहित नजर नहीं आ रहे हैं। यही कारण है कि ऑनलाइन बीडिंग में बोली लगाने के बाद उन्हें स्टेक मिलने पर भी वे धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। इसी वजह से जिले में धान के उठाव का प्रतिशत भी बेहद कम देखने को मिल रहा है।

इस स्थिति से निपटने के लिए जिला कलेक्टर ने भी बुधवार को राईस मिलर्स की एक बैठक ली है। उन्होंने कहा कि जिले में धान की नीलामी हेतु नीलामी दर के अनुरूप 526 स्टेक धान शेष है। इसके लिए जिले के सभी पंजीकृत मिलर्स को प्राइस मैचिंग करने के निर्देश दिए। बड़े मिलर्स इस कार्य के लिए अधिक धान ले तथा छोटे मिलर्स भी इसमें सहयोग करें। उन्होंने कहा कि 424 स्टेक के लिए प्राइस मैचिंग का कार्य हो गया है, लेकिन धान उठाव की गति बहुत धीमी है। एफसीआई के बसंतपुर एवं तिलई गोदाम से रेक मूवमेंट हेतु एफसीआई को निर्देश दिए तथा इस संबंध में महाप्रबंधक एफसीआई को पत्र प्रेषित करने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही जिन मिलर्स का एक स्टेक से कम चावल जमा शेष है। ऐसे मिलर्स को एक साथ एक स्टेक प्रदाय करने के निर्देश एफसीआई के अधिकारियों को दिया गया। सुरक्षा राशि लेकर धान का उठाव शीघ्र कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संग्रहण के लिए पर्याप्त स्थान है। समय पर धान का उठाव कराएं जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### खास बातें

- पतले धान के लिए प्रति क्विंटल पुराने बोरे में 2050 एवं नए बारदाने में 2100 रुपए की दर तय
- मोटा धान के लिए पुराने बारदाने में 1900 एवं नए बारदाने में 1950 का दाम
- राजनांदगांव जिले में 1400 स्टेक धान, जिनमें से 526 के लिए लगाई गई बोली
- जिले के सौ मिलर्स में से 40% ने ही लिया हिस्सा



### कम दाम डालने वाले से प्राईस मैचिंग करेंगे

ज्ञात हो कि ऑनलाइन बोली के दौरान मिलर्स ने अपने अनुसार दाम भरे है, लेकिन अब सरकार ने धान की नीलामी को लेकर एक स्टैंडर्ट दर तय कर दी है। ऐसे में उस दर से कम बोली लगाने वाले मिलर्स को प्राईस मैचिंग का समय दिया गया है। मिलर्स अपने दर को सरकार के दर तक बढ़ाकर स्टैक ले सकते हैं। हालांकि जिले में अधिकांश मिलर्स इसके पक्ष में नहीं दिखाई दे रहे हैं। बताया गया कि बाजार में इन दिनों चावल की कीमत 2800 के करीब पहुंच गई है। ऐसे में सरकार से धान लेने में मिलर्स को अच्छा खासा नुकसान झेलना पड़ सकता है। जिसकी वजह से धान नहीं लिया जा रहा।

### इन केंद्रों में इतना धान डंप

जिले में खरीदी गए धान को रखने के लिए पांच संग्रहण केंद्र हैं। इनमें बीजेभांठा संग्रहण केंद्र में 5.27 लाख क्विंटल, सिंघोला संग्रहण केंद्र में 3.15 लाख क्विंटल, घुमका संग्रहण केंद्र में 95 हजार क्विंटल, कलकसा संग्रहण केंद्र में 3 लाख क्विंटल एवं सेवताटोला संग्रहण केंद्र में - लाख क्विंटल धान डंप है। इनकी ही ई-नीलामी हो रही है। मिलर्स ने ई-नीलामी से पहले इन संग्रहण केंद्रों से धान का सैंपल भी लिया है।

### लापरवाही होने पर होगी कार्रवाई

कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्रों में नीलाम हो चुके स्टैक की पर्याप्त सुरक्षा के निर्देश जिला विपणन अधिकारी को दिए। मार्कफेड के संग्रहण केन्द्र में लापरवाही होने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। संग्रहण केन्द्र के प्रभारी को बताते हुए समस्या का समाधान करने के लिए कहा। धान का उठाव कराते समय मिलर्स अधिकारियों से समन्वय करते हुए कार्य करें तथा श्रमिकों को समय पर भुगतान करें। ऐसे धान की नीलामी जो पहले हो चुकी है, उसका शीघ्र उठाव कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध शराब विक्रेताओं पर छापामार कार्रवाई जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई तेज कर दी गई है। आबकारी आयुक्त श्याम धावडे और प्रभारी सहायक आयुक्त जीपीएस दर्दी के निर्देशन में आबकारी विभाग के टीम सतत कार्रवाई में जुटी हुई है। इसी दौरान अलग-अलग मामलों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की गई है।

जिले के चिचोला क्षेत्र में धरमुटोला से आमाटोला मार्ग पर दुपहिया मोटर साइकिल में अवैध रूप से महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्री का 100 पाव शराब का परिवहन कर रहे आरोपी नरेश कुमार चन्द्रवंशी से शराब जब्त किया गया है। वहीं जिले के ग्राम रतनभाट नर्सरी के पास में आरोपी पीताम्बर यादव से एक प्लास्टिक बोरी में रखा 40 नग पाव देशी प्लेन 3200 मूल्य का जब्त किया गया है।

इसी तरह चिचोला मे भकुर्रा से आटरा मार्ग पर मोटर साइकिल में अवैध रूप से महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी मदिरा संत्री के 100 पाव शराब का परिवहन कर रहे आरोपी डिगेश्वर पटेल से जब्त किया गया है।

### होटलों और ढाबों के निरीक्षण का निर्देश

अवैध शराब विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जॉच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कांग्रेस ने फूंका मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर लगातार मीडिया को जानकारी देने चर्चा में आई सोफिया कुरैशी पर मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा अमर्यादित टिप्पणी किए जाने को लेकर कांग्रेस ने कड़ा विरोध दर्ज करते विजय शाह का पुतला जलाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी करने के मामले में मंत्री की कड़ी निंदा की।

### निकाली रैली

कांग्रेसियों ने शहर के जयस्तंभ चौक से पुतला लेकर रैली निकाली और महाकाल चौक पर पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी करते मंत्री के इस बयान का कड़ा विरोध किया है। पुतला दहन के दौरान सूर्यकांत जैन, माया शर्मा, आसिफ अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पद से हटाने की मांग

पुतला दहन के मामले को लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, महामंत्री अमित चंद्रवंशी सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी ने कहा कि भारतीय सेना की कर्नल पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले भाजपा के मंत्री को तत्काल पद से हटना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंत्री ने सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहा है। सेना पर टिप्पणी करने वाले ऐसे मंत्री पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सेना का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# गुपचुप तरीके से जमीन बेच रही चिटफंड कंपनी, रोक लगाने थाना में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चिटफंड कंपनी सत्गुरू सांई सिविल कंट्रक्शन लिमिटेड के खिलाफ शिकायत लेकर आज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद, राजनांदगांव सहित अन्य जिलों से निवेदक कोतवाली थाना पहुंचे और कंपनी के डायरेक्टरों द्वारा गुपचुप तरीके से जमीन बेचे जाने को लेकर शिकायत की। वहीं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जमीन बिक्री पर रोक लगाने और निवेशकों के पैसे लौटाने की मांग की।

शहर के शक्ति नगर क्षेत्र में वर्ष 2011 से वर्ष 2016 के बीच संचालित चिटफंड कंपनी सद्गुरु साई सिविल कंस्ट्रक्शन में हजारों निवेशकों ने अपनी गाढ़ी कमाई लगाई है और करोड़ों रुपए उक्त कंपनी में फंसे हुए हैं। बड़ी संख्या में पहुंचे इस कंपनी के निवेशकों ने कहा कि लगभग 5000 निवेशकों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। ⏩ शेष पेज 14 पर



### पैसे डबल करने का झांसा

सत्गुरू सांई सिविल कंट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के व्यक्तियों से पैसे के बदले प्लाट देने नहीं तो 5 साल में डबल रुपए दिए जाने का झांसा देकर नगद राशि ली गई और एक रजिस्ट्रेशन लेटर निवेशकों दिया जाता था।

### नहीं हुई कार्रवाई

निवेशकों ने अपने ज्ञापन में कहा है कि कंपनी के मालिक टेककिशोर साहू, मानसिंग टेकाम और डामन लाल साहू ने राजनांदगांव के शक्ति नगर में हेड आफिस खोलकर व्यवसाय प्रारंभ किया और लगभग 5 हजार लोगों का पैसा नहीं दिया है। इनके द्वारा 2 अगस्त 2016 को आफिस बंद कर दिया गया। जिसके पश्चात प्रशासन व शासन स्तर पर भी इसकी सूचना दी गई, किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### जमीन बिक्री पर रोक की मांग

बालोद जिले से पहुंचे कुलेश्वर साहू और मानपुर-मोहला-चौकी जिले से पहुंचे गेंदालाल साहू ने कहा कि वह सात-आठ वर्षों से अपने रुपए वापस लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक उनके रुपए वापस नहीं हुए हैं। वहीं कंपनी के नाम पर कांकेतरा में 16-17 एकड़ जमीन को छलपूर्वक बेचा जा रहा है। वहीं सिंघोला में भी कंपनी के डायरेक्टर के नाम पर जमीन है, जिसे भी बेचने की तैयारी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर जमीन बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

## चावल की अफरा-तफरी में कार्रवाई संदिग्ध, सांठगांठ का मामला

# फूड अफसरों ने दी क्लीन चिट, रातो-रात चावल बना खंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते सोमवार को शासकीय चावल की अफरा-तफरी की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने एक टाटा एस वाहन में भारा 30 कट्टा चावल पकड़ा था। इसके बाद चावल से भरे वाहन को थाना लाया गया । रातभर वाहन थाना में खड़ी रही, लेकिन दूसरे दिन वाहन में चावल की जगह खंडा निकला । इसके बाद खाद्य विभाग से क्लीन चिट मिलते ही पुलिस ने वाहन और चावल को छोड़ दिया । वहीं अब शिकायतकर्ता ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा है।

शहर में बड़े पैमाने पर लाखों क्विंटल सरकारी चावलों की अफरा- तफरी की जा रही है । चावल तस्कर सक्रियता से काम कर रहे हैं । चावल तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस कार्रवाई भी कर रही है, लेकिन खाद्य विभाग से तस्करों को जांच में क्लीन चिट मिलने पर चावल से भारी वाहनों को छोड़ा जा रहा है।

### सबूत होने के बाद भी छोड़ा गया

चावल की तस्करी को लेकर शिकायत करने वाले संदीप सोनी और अन्य युवाओं ने कहा कि लखोली क्षेत्र के कुछ लोगों से जानकारी मिली थी कि राशन दुकान से चावल की तस्करी हो रही है। जब हम मौके पर जाकर देखें तो वाहन में चावल की बोरियां भरी जा रही थी । संदीप सोनी ने कहा कि मैंने तत्काल कोतवाली थाना में इसकी शिकायत की और पुलिस ने उक्त चावल से भरी वाहन को जनता कॉलोनी नाके के समीप पकड़ा और थाना ले आए । उन्होंने कहा कि सभी बोरियों में पीडीएस का चावल भरा हुआ था। जिसका फोटो-वीडियो भी है। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा कि रातभर थाना में गाड़ी खड़ी थी और दूसरे दिन खाद्य विभाग के अधिकारी आए और जांच में उन्होंने चावल को खंडा लिख दिया । उन्होंने कहा कि पुख्ता सबूत होने के बावजूद वाहन और चावल को छोड़ दिया गया ।



### कलेक्टर से जांच की मांग

इस मामले में अपना बयान दर्ज करने कोतवाली थाना पहुंचे शिकायतकर्ता संदीप सोनी ने कहा कि यह पूरा मामला संदिग्ध है। उन्होंने इसमें खाद्य विभाग पर लेनदेन का आरोप भी लगाया है । वहीं उन्होंने कहा कि इस मामले में हमने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग करते हुए सभी संलिप्ततों कार्रवाई की मांग की है।

### नहीं हुई कोई कार्रवाई

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने पकड़े गए चावल पर कार्रवाई के मामले को लेकर कहा कि यह सोसायटी का चावल है या नहीं इस पर संदेह था । खाद्य निरीक्षक की टीम ने आकर चेक किया और इसमें खंडा मिक्स चावल पाया गया। जिसका पंचनामा उन्होंने बनाया और इस चावल को सोसायटी का नहीं होना बताया । इसके बाद उक्त चावल को छोड़ना पड़ा। इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### खाद्य विभाग ने की जांच

सोमवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर के लखोली क्षेत्र स्थित एक शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चावल की तस्करी की जा रही है । इसके बाद पुलिस ने अपनी सक्रियता दिखाई और लखोली क्षेत्र के समीप से चावल से भरी वाहन को पकड़कर थाना लाया। इसके बाद मामला जांच के लिए खाद्य विभाग को सौंपा गया था। वहीं इस मामले में जांच कर खाद्य विभाग ने इस चावल को खंडा बता दिया है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
- शुगर • खांसी • किडनी
- थायराइड • छाती रोग • लकवा • माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समता सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
- क्लीयर अलाईनर
- दांत निकालना
- अक्ल दाढ़ निकालना
- फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
- बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
- पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
- डिजिटल एक्स-रे • एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
- डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)

खबर संक्षेप




## हिमांशु बने मेन ऑफ द मैच

**साल्हेवारा।** मां बंजारी स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन फ्लड लाइट टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार हिमांशु शुक्ला ने प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार मैच के आखरी ओवर में 6 बाल में 18 रन की जरूरत। एक स्थिति यह भी आई जब अंतिम 4 गेंद में 12 रन की आवश्यकता थी। बेचैनी और रोमांच के बीच हिमांशु शुक्ला ने स्ट्राइक पर तीसरी बाल में छक्का मार कर मैच की दिशा ही बदल दिया। श्री शुक्ला को अंत में मैन आफ द मैच के खिताब से सम्मानित किया गया।

## हितग्राहियों ने आवास में किया गृह प्रवेश



**छुरिया।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित मकान में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत लालुटोला में रखा गया। मुख्य मेहमान के रूप में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, चतुरसिंह पाल, नैनसिंह पटेल मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों व गांवों की तस्वीर बदल गई है। सरकार ने अब 18 लाख आवासों को स्वीकृति दी है। इस दौरान भागवत, नरेश, कमला, सुर्जोतीन, तिलोखी ने नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर एचके भंडारी, शैलेश वैष्णव, त्रिलोक देवांगन, मंशाराम यादव, खेदूराम पाल, शहनाज बेगम, भुनेश्वरीबाई, चंद्रकिशोर, शीतल पड़ोती, बिटानबाई, अनुपा सांग सहित अन्य उपस्थित थे।

## फुटबाल स्पर्धा का रंगारंग शुभारंभ

**डोंगरगढ़।** रेल्वे इंस्टिट्यूट एवं न्यू फ्रेंण्डस क्लब डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रि कालीन फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 मई को रेल्वे फुटबॉल मैदान में किया गया।अतिथि विनोद खांडेकर, रामजी भारती, रमन डोंगरे, जसमीत बन्नोआना, अमित जैन थे। प्रथम मैच डी एकेश राव की टीम डोंगरगढ़ वारियर और तममी एमसीजी फाइटर के मध्य खेल गया। राव की टीम ने 4-0 से जीत दर्ज किया। द्वितीय मैच तामेश्वर साहू की किंग्स 11 और तरुणदीप सिंह राजनांदगांव एसोसिएशन के मध्य खेल गया। दोनों ही टीम 1-1 से बराबरी पर रही। इस बार आईपीएल की तर्ज पर प्लेयर का आक्शन के माध्यम से चयन किया गया है। जिले के 96 खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे।

### समाधान शिविर में समाधान के नाम पर खानापूर्ति

# सुशासन का तमाशा: आधे मामलों में आश्वासन, फिर भी निराकरण का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

राज्य सरकार के सुशासन तिहार के तहत नगर में पहले समाधान शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो शहर के पांच वार्डों में सुशासन आ गया है जिसके चलते लोगों की सभी मांगे और शिकायतें हल गई है जबकि जमीनी हकीकत यह है कि 510 आवेदनों में आश्वासन का टेग लगाकर हल मान लिया गया।

उल्लेखनीय है कि सरकार के निर्देश पर नगर पंचायत ने सुशासन तिहार के तहत बीते माह कैम्प लगाकर लोगों से मांग और शिकायत के आवेदन लिए थे। निर्धारित मियाद में आवेदनो का निराकरण के बाद बुधवार को इंदिरा सांस्कृतिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुशासन कल्पना से बाहर रफ्तार से दौड़ता नजर आया, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह रही कदम जहां के तहां ठहरे रहे। समाधान शिविर में बताया गया कि 1027 मांग और शिकायत के आवेदन आए थे जिसमें से अप्रत्याशित तौर पर 1026 का निराकरण करना बताया गया। समाधान की परत खोलने पर पता चला कि इनमें से 510 प्रकरण सिर्फ आश्वासनों के भरोसे 'हल' मान लिया गया है।

### कुछ विभाग दिखे, कुछ नहीं

नगर पंचायत के खाते में 748 आवेदन आए और सभी का निराकरण दिखा दिया गया। लेकिन यहीं सबसे ज्यादा आश्वासन वाले मामले थे। शिक्षा, पुलिस, स्वास्थ्य, आदिम जाति, श्रम के खाते में आवेदन ही नहीं आए। शिविर स्थल पर बैनर-पोस्टर तो खूब सजे नजर आए किन्तु जन सामान्य की मौजूदगी नगण्य रही जिसके चलते अधिकतर कुर्सियां खाली थीं। शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिनों ने मौजूद रहकर भीड़ होने का अहसास कराया।



### जब होगा तब मिलेगा

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना और उज्जवला योजना, कृषक कल्याण आदि के आवेदन का यह कहते हुए हल बता दिया गया कि योजना चालू होने पर लाभ मिलेगा अथवा राशि आएगी तब मिलेगी। शिविर में कुछ राशन कार्ड बांटने के अलावा अन्य कोई लाभ न मिला और न यह तय हुआ कि कब तक लाभ मिलेगा। कुल मिलाकर आवेदनों पर निराकृत होने की मुहर लगाकर फाइलों में बंद कर दिया गया।

### गांधी ने लगाई क्लास

नगर में जनसुविधा के लिए बने दो यात्री प्रतीक्षालय को सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आना बताकर तोड़ दिया गया जबकि अब कहा जा रहा है कि वह दायरे में ही नहीं आ रहे थे। इस मामले का खुलासा होने के बाद जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने अधिकारियों की क्लास लेते हुए दो शब्दों में कहा कि नोटिस देकर पूरी राशि की वसूली संबंधित अधिकारियों से होना चाहिए। उन्होंने समाधान शिविर की जानकारी आवेदकों को नहीं देने पर गहरी आपत्ति दर्ज कराया।

### उपस्थिति से बढ़ी शोभा

समाधान शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष योगेश पटेल, अंजू त्रिपाठी, राजा जैन, सुनीता मालेकर, एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग और सीएमओ विनम्र जेमा, बीएमओ डां. रागिनी चन्द्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर आदि मौजूद थे। शिविर में महिला बाल विकास विभाग से पुराने ढर्रे के अनुसार ठेठरी, खुमरी का स्टाल लगाया।

# पिकअप वाहन से सागौन लट्ठे बरामद

### जंगल से कर रहे थे परिवहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दक्षिण बोरतलाव परिक्षेत्र के जंगल से सागौन लकड़ियों की चोरी का खुलासा हुआ है। वन विभाग की टीम ने सीतागोटा क्षेत्र में सागौन लकड़ियों का परिवहन करते एक पिकअप वाहन को जप्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

विभागीय सूत्रों के अनुसार गत 12 मई को उप वनमंडलाधिकारी पूर्णिमा राजपूत के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेशचंद्र गोस्वामी के नेतृत्व में दल गठित कर रात्रिकालीन गश्त में लगे एससीएफओ बापी घोष, नरेश चंद्रवंशी, जितेन्द्रसिंह परिहार, डेनिश मेश्राम, ज्ञानेश्वर वैष्णव, गोविंदराम कोर्राम, वन चैकीदार नोहर कंवर, विनोद, महेश, पवन कुंभकार, राजकुमार, पूनाराम कुमरे, अनित, तुलसी के सहयोग से कंहारटोला से बोदालदंड वनमार्ग पर पिकअप वाहन जिसमें सागौन गोले थे जब्त किया गया। वाहन मालिक श्रीकांत सहारे आ छबिलाल सहारे निवासी पुराड़ा, तहसील देवरी महाराष्ट्र, राजाराम आ. रामप्रसाद मंडावी निवासी लिहाटोला महाराष्ट्र के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 तथा धारा 41 तथा 42 के तहत छत्तीसगढ़ अभिवहन परिवहन अनुज्ञा का उल्लंघन एवं नियम 2001 का नियम 3 के तहत कार्यवाही की गई। जप्त वाहन को राजसात करने की कार्यवाही हेतु उप वनमंडलाधिकारी सूचना भेज दी गई है।

जानकारी के अनुसार सीतागोटा कक्ष क्रमांक आरएफ 586 से लगे राजस्व क्षेत्र में पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 35 एजे 2970 से चार नग सागौन लट्ठे 0.654 घनमीटर जिसकी कीमत 38096 रूपए है पकड़ा गया है।

# डोंगरगढ़ की अर्पिता बैस ने 12वीं में रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के नतीजों में नगर की होनहार छात्रा अर्पिता सिंह बैस ने रिकार्ड सफलता हासिल कर खालसा पब्लिक स्कूल और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विज्ञान संकाय की इस छात्रा ने कठिन विषयों में भी उल्लेखनीय अंक अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि कड़ी मेहनत किया जाए तो लक्ष्य हासिल करना कठिन नहीं है। चुन्नीसिंह ठाकुर और पूजा सिंह की बेटी अर्पिता सिंह ने अंग्रेजी में 96, गणित में 98, भौतिक शास्त्र में 81, रसायन शास्त्र में 83 तथा कंप्यूटर साइंस में 95 अंक प्राप्त किए हैं। खालसा पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने अर्पिता की इस उपलब्धि को शैक्षणिक बुलंदी की मिसाल बताते हुए अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने कहा है। अर्पिता को खालसा पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष हरजीतसिंह अरोरा, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा, खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट निर्माण समिति के अध्यक्ष विशाल सुराणा, जटाशंकर मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जितेंद सिह ठाकुर ने बधाई दी है।

### जुड़वा बहनों ने किया नाम रौशन

**डोंगरगढ़।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में निमरत ने 97 और सिमरत ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किया है।छाबड़ा परिवार की जुड़वा बेटी खालसा पब्लिक स्कूल में अध्यनरत हैं। दोनों ने कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। निमरत कौर ने 97 और सिमरत कौर छाबड़ा ने 93 प्रतिशत अंक हासिल किए है। सन्नी छाबड़ा और खुशबू छाबड़ा की जुड़वा बेटियां प्रारंभ से मेधावी है। दोनों जेईई की तैयारी के लिए इंदौर में पढ़ाई कर रही है।





### भंडारपुर स्कूल का परिणाम रहा उत्कृष्ट

**मुढ़ीपार।** ग्राम पंचायत भण्डारपुर में संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा का परिणाम श्रेष्ठ रहा। कक्षा दसवीं में खिलेश्वरी वर्मा ने 94.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम और जिले में सातवां स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भुवनेश्वरी चक्रधारी ने 87. 83 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा प्रीति साहू ने 87.67 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। वही कक्षा 12वीं में वाणिज्य संकाय की खुशबू साहू 85.4 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम, साक्षी साहू 79 प्रतिशत द्वितीय, गीतू साहू 76.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य राघवेंद्र सिन्हा सहित शिक्षकों ने टॉपर्स और सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# गड़बड़ी के खुलासे बाद ठेकेदारों को दबाव में मिला नए कामों का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका में कांग्रेस शासन के दौरान हुई गड़बड़ी की शिकायत के बाद तत्कालीन सीएमओ, लेखापाल एवं इंजीनियर को सस्पेंड कर दिया गया था। इस दौरान फर्जी आहरण, निर्माण कार्य में गड़बड़ी, समान खरीदी में राशि का दुरूपयोग का खुलासा हुआ था।

पूरी कार्रवाई में वर्तमान सीएमओ सीके शर्मा की मुख्य भूमिका सामने आई थी। कार्यवाही के दौरान यह कहा गया था कि अधिकारियों के निर्देश पर अपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। यह भी बताया गया था जिन कामो में फर्जी सत्यापन मूल्यांकन कर राशि का आहरण किया गया है उसकी वसूली की जाएगी। उस दौरान जिन ठेकेदारों ने काम लिया था और उन्होंने जमकर गडबड़ी किया था उन्हे पुनः कार्य कराने का ठेका दे दिया गया है।



### राजनीतिक दबाव में ठेका

बताया जाता है कि जनप्रतिनिधियों के दबाव में अधिकारी वर्क आर्डर जारी कर रहे है। सीसी रोड, नाली, बोर, गार्डन, डामरीकरण, प्रधानमंत्री आवास, खाद मशीन खरीदी, लाईट खरीदी, पानी टंकी खरीदी, सफाई व्यवस्था एवं सफाई वहानो की जांच की जाए तो कई और मामले सामने आएंगे। 2023-24 स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत बंद शौचालयो का एक साल से रूका लगभग 9 लाख के भुगतान को राजनितिक दबाव में 2 लाख कम कर 7 लाख का भुगतान कर दिया गया है।

### लाखों की मशीन कंडम

लगभग 48 लाख की मशीन वार्ड 3 कंचना केन्द्र में जंग खा रही है। वहीं सफाई व्यवस्था के लिए आई 8 ईव्हीकल गाड़ी खड़े खड़े सड़ने के कगार पर पहुंचते जा रही है।

### सदस्यता प्रक्रिया 30 तक

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल, ओसवाल, महेश्वरी समाज द्वारा संचालित श्री कृष्ण गौशाला कमेटी के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो गई। वर्तमान में सदस्यता प्रक्रिया चालू है। आगामी एक जुन से चुनाव प्रक्रिया षुरू होने से पहले 15 से 30 मई तक सदस्य फार्म का वितरण होगा जिसमे साधारण, आजीवन एवं संरक्षण श्रेणी के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू

# प्रेस क्लब का आम सहमति से पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

प्रेस क्लब छुरिया की स्थानीय विश्राम गृह मे बैठक आहूत की गई, जिसमे सभी पत्रकार उपस्थित हुए। सभी की राय से आगामी तीन वर्षो के लिए प्रेस क्लब अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से संजीव गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया। पत्रकार अकील मेमन, शिशुपाल साहू को उपाध्यक्ष, राधेश्याम शर्मा को कोषाध्यक्ष, रोहित सिन्हा को सचिव, मनभावन सिंह ऊईके को संगठन सचिव की कमान सौंपी गई। इसके अलावा मीडिया प्रभारी कैलाश गुप्ता, ताहिर खान, मुकेश साहू, जसीम कुरैशी, विजय निषाद, मुजम्मिल खान को भी जिम्मेदारी दी गई है। सभी पदाधिकारी को गुलदस्ता भेंटकर और गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया।



# तीर्थयात्रियों का दल शिर्डी रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत शिर्डी, शिगनापुर, त्रयंबकेश्वर दर्शन के लिए 67 दर्शनार्थियों के दल को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद सभापति उतरा निषाद भी मौजूद थे। तीर्थयात्रियों को संबोधित करते हुए श्रीमति वैष्णव ने इस पुनीत पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार प्रकट किया। जनपद अध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल से 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धों को तीर्थ दर्शन करने का मौका मिल रहा है। इस अवसर पर एचके भंडारी, प्रेमानंद रामटेके, जीपी लारिया, चंद्रवंशी, हेमंत साहू सहित अन्य मौजूद थे।




### गड़रिया समाज का आयोजन

# जिला स्तरीय महासभा में एकता और लोगों के विकास पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ गडरिया समाज जिला धमधा-गंडई परिक्षेत्र के तत्वावधान में सेक्टर लोहारा अंतर्गत धौराभाटा में विगत दिनों जिला स्तरीय महासभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के कुटुंबजन शामिल हुए।

महासभा की शुरुआत लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की पूजा अर्चना के साथ हुई। तत्पश्चात सामाजिकजनों ने समाज की एकता और विकास जैसे विषयों पर चर्चा की। बैठक में आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया।सामाजिक कार्यक्रमों में एक-दूसरे को सहयोग करने, भोजन-पानी ग्रहण करने और समजिक रीति-रिवाजों का पालन करने पर जोर दिया गया।



### मेधावी बच्चों का सम्मान

इस दौरान मत्वपूर्ण आकर्षण प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रहा। कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को नगद और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त सभी सेक्टरों में समान रूप से सामाजिक नियम लागू करने पर विचार किया गया। महासभा में आगामी प्रदेश स्तरीय चुनाव प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी और मतदान के महत्व पर सुझाव रखे गए। आगामी जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन दनिया आयोजित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### सामाजिकजनों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में इंदु धनकर, राधेलाल पाली और गोविंद धनकर ) उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि चेतन पाली, शंकरलाल पाल, जयराम पाली, संतोष पाली, अशोक पाल, केशव पाली, रोशन पाली, लिंकेश्वर धनकर, निरंजन धनकर थे। कार्यक्रम के आरंभ में 52 गांवों के प्रतिष्ठित कुटुंबजनों का गणमान्य व्यक्तियों ने गुलाल लगाकर और पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। संतोष पाली ने अतिथियों को श्रीफल और वस्त्र भेंट किया। महासभा में सेक्टर लोहारा की एक मुख्य सामाजिक समस्या का शांतिपूर्वक समाधान निकाला गया। समापन अवसर पर सहसपुर लोहारा सेक्टर के अध्यक्ष रमेश कुमार पाली ने सारगर्भित उद्बोधन दिया।यह जानकारी मीडिया प्रभारी निरंजन धनकर ने दी।






खबर संक्षेप



## शिविर में दी योजनाओं की जानकारी

**डोंगरगढ़।** सुशासन तिहार अंतर्गत मुसरा कला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद सदस्य सीमा साहू, सरपंच गायत्री टेंभुरकर, उप सरपंच रामवती निषाद, कमल नारायण साहू, बजरंग साहू, जनपद सीईओ आलोक सातपुते, एसडीएम, तहसीलदार आदि शामिल हुए। शिविर में विभागों प्रमुखों ने आवेदनों का निराकरण किया। संचालन माखन लाल चंद्रवंशी एवं मोहित कुमार साहू ने किया। शिविर में ग्राम पंचायत मुसरा कला, कातलवाही, भानपुरी, परागांव कला, परागांव खुर्द, आलीवारा, कसारी, सलटिकरी, पेंडरी के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। समापन मौके पर सीईओ श्री सातपुते ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आगे आकर लाभ लेने का आव्हान किया।

## जयंती पर प्रतिभाशालियों का सम्मान



**डोंगरगढ़।** नवयुवक पंचशील समिति बुधवारीपारा ने बुद्ध जयंती का आयोजन कर समाज के प्रतिभावानों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर थे। अध्यक्षता रमन डोंगरे ने की। विशिष्ट अतिथि मुन्नालाल नंदेश्वर, जस्मितसिंग बन्नोआना, धीरज मेश्राम, शिवंगी साखरे, देवेन्द्र साखरे, किशोर अंबादे, सुरेखा किशोर साखरे की उपस्थिति में विधिवत परित्राण पाठ किया गया। अतिथि स्वागत के बाद प्रतिभावान लोगों का सम्मान किया गया। इस दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति बच्चों ने दिया। गौतम बुद्ध का रूप धारण करने वाले बच्चे आकर्षण का केन्द्र रहे। कार्यक्रम में रोहित वाल्दे, रूपेन्द्र इंदुलकर, सागर रामटेके, नवनीत बोरकर, वंदना उइके, सुरेन्द्र गणवीर, धन्ना गणवीर, प्रणय बंसोड, अमिताभ दुफारे, विजय कोटांगले, रविंद्र रामटेके, मीना सहारे, किशोर साखरे, प्रियंका पाटिल, देवदास बाघमारे सहित अन्य उपस्थित थे।

## वसुंधरा और जतिन जाएंगे अम्मान



**डोंगरगढ़।** अम्मान में होने वाली 9 वीं एशियाई जुजीत्सु चैंपियनशिप के लिए चयनित डोंगरगढ़ की फाइटर राणा वसुंधरा सिंह 63 किलोग्राम वजन समूह एवं राजनांदगांव का जतिन राहुल 69 किलोग्राम वजन समूह में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल संघ के जिला अध्यक्ष विवेक मोनू भंडारी ने बताया भारतीय दल आगामी 21 मई को नई दिल्ली से अम्मान के लिए रवाना होगा। इस स्पर्धा में 27 देशों के साथ देश के प्रतिभागी भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों ने गत दिनों महापौर मधुसूदन यादव से मुलाकात किया। जिला अध्यक्ष भंडारी ने बताया कि विश्वस्तर किट के अभाव में खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रभावित होता है जिसे देखते हुए श्री यादव ने उच्च स्तरीय किट उपलब्ध कराने की बात कही है जिसके लिए प्रतिभगियों सहित गुरविंदर भाटिया, राणा अजय सिंह, तंजस राहुल ने श्री यादव का धन्यवाद ज्ञापित किया। इन खिलाड़ियों ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा मंत्री गिन्नी चावला, खूबचंद पारख, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना, सरफराज नवाज से भी मुलाकात किया।

### विस अध्यक्ष के हाथों सवा करोड़ रुपए के 22 कामों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# शिविरों के जरिये जनमानस की समस्याओं का हो रहा समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने लगभग 1 करोड़ 21 लाख रुपए के 22 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने 19 लाख हजार रुपए की लागत के नलकूप खनन हस्तपंप निर्माण कार्य, 11 लाख 30 हजार रुपए की लागत के हाई मास्क लाईट उच्चतर माध्यमिक शाला निर्माण कार्य, 38 लाख 95 हजार रुपए की लागत के हाट बाजार विकास कार्य, देवगुडी, मंच निर्माण व व्यवसायिक परिसर निर्माण कार्य, 26 लाख रुपए लागत के साइकिल स्टैंड व स्मार्ट बोर्ड उच्चतमर माध्यमिक शाला निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 565 आवास स्वीकृत हुए हैं। ग्राम टेड़ेसरा के लिए 53 शौचालय निर्माण, 58 आयुष्मान कार्ड, 151 राशन कार्ड का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लगभग 1 करोड़ 22 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत सबसे ज्यादा मांग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली है, जिसे 1 से 2 वर्षों में सभी आवासों को पूर्ण करने का कार्य करना है। उन्होंने ग्राम टेड़ेसरा के लिए नए पंचायत भवन की स्वीकृति दी तथा 16 लाख रुपए की लागत से गौरव पथ निर्माण, 3 लाख रुपए की लागत से सांस्कृतिक भवन का निर्माण, 3 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि इस समाधान शिविर के माध्यम से जनसामान्य की समस्याओं का समाधान हो रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनसामान्य को मिले, इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर सचिन बघेल, योगेश दत्त मिश्रा, खूबचंद पारख, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, किरण साहू, देव कुमार साहू, सौरभ कोठारी, सुमित उपाध्याय, प्रतिमा चंद्राकर, संजय, खिलेश्वर साहू, भावेश बैद्य, मोहित गर्ग, आयुष जैन, सुरूचि सिंह, सीएल मारकण्डेय, खेमलाल वर्मा, मनीष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## 1 लाख 30 हजार आवेदनों का निराकरण

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम टेड़ेसरा, कोपेडीह, अंजोरा, देवादा, मगरलोटा, इंदावानी, ककरेल, ठाकुरटोला, सांकरा, धीरी, सोमनी, ईरा के गांव कलस्टर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया है। राजनांदगांव जिले लगभग कुल 1 लाख 87 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 1 लाख 30 हजार आवेदन आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है तथा शासन को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है।

## योजनाओं के बारे में दी जानकारी

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत शासन प्रशासन आपके द्वार तक चलकर आए हैं और आप सभी अपनी समस्या बता सकते हैं। ग्राम के प्रत्येक नागरिक तक शासन की योजना पहुंचे इसके लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार के खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनसामान्य को 1 रुपए प्रतिकिलो चावल मिलने पर लोगों को राहत मिली और पलायन की समस्या दूर हुई। इसी तरह मुख्यमंत्री सरस्वती साइकिल योजना, महतारी वंदन योजना, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन जैसी विभिन्न योजनाएं जनसामान्य के लिए बहुत उपयोगी है।

## नीर व नारी अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए हो रहा कार्य

पद्मश्री फुलबासन यादव ने कहा कि महिलाएं सभी तरह के कार्य कर सकती है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव में स्वच्छता के लिए विशेष कार्य किया गया। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह की प्रेरणा से घर-घर में शौचालय बनाने का कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि नीर व नारी अभियान के तहत जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है तथा सभी के सहयोग से सोख्ता गड्ढा बनाया जा रहा है। शिविर में विधानसभा अध्यक्ष ने जिले के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया तथा उद्यानिकी विभाग की ओर से 5 हितग्राहियों को बीज का वितरण, मत्स्य विभाग की ओर से जाल एवं आईस बाक्स वितरण, 5 किसानों को अरहर वितरण प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा आयुष्मान वय वंदना कार्ड प्रदाय किया गया। उन्होंने शिशुओं का अन्नप्रासन्न किया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल अवलोकन किया।

# विस अध्यक्ष रमन यात्रा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम टेडेसरा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरियाली बाहिनी नीर और नारी जल यात्रा में शामिल होकर महिलाओं द्वारा चलाई जा रही पानी बचाव के लिए, किए जा रहे प्रयास को प्रोत्साहित किया और जल यात्रा रैली को रवानगी की गई।

हरियाली बाहिनी, मां बम्लेश्वरी समूह, बिहान की टीम जिला प्रशासन के सहयोग से गांव-गांव में नीर और नारी जल यात्रा निकली जा रही। इन यात्राओं का नेतृत्व पद्मश्री फुलबासन यादव ने की। अब तक 65 गांव में जल यात्रा हो चुकी है। इस जल यात्रा से गांव में जागरूकता बढ़ी है। जिसके परिणामस्वरूप गांव में सोखता गड्ढा और नाला बंधान कर रहे। फुलबासन यादव लोगों को जल यात्रा के बाद सभा करते पानी को बचाने के विभिन्न उपाय को बारीकी से बता रही है। वे अभी से जगने का आह्वान कर रही है, नहीं तो हमें आने वाले समय में स्वयं एवं परिवार को भुगतना पड़ेगा। हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन पौधा लगाने जोर देते हरियाली लाने ग्रामवासी को प्रेरित कर रहे हैं, जिस प्रकार से पेड़-पौधे का नुकसान हो रहा है।

## अशोक को मिला तत्काल श्रमिक कार्ड

**राजनांदगांव।** सुशासन तिहार में जनमानस की समस्याओं का समाधान तत्परता एवं सक्रियतापूर्वक किया जा रहा है। जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा अशोक कुमार रजक को तत्काल श्रमिक कार्ड बनवाकर प्रदान किया गया। अशोक कुमार रजक ने श्रमिक कार्ड के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था। आवेदक के आधार कार्ड से जांच करने पर पाया गया कि उनका श्रमिक कार्ड नहीं बना है। आवेदक को आधार कार्ड, बैंक खाता एवं आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ कार्यालय बुलाकर पात्रतानुसार धोबी प्रवर्ग में पंजीयन किया गया एवं श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। अशोक ने श्रमिक कार्ड प्राप्त होने पर प्रसन्नता जाहिर की और उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को श्रमिक कार्ड मिलने पर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने प्याऊ घरों का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा इस भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने मोबाइल एसोसिएशन और जिला सराफा एसोसिएशन के सहयोग से प्याऊ घरों का शुभारंभ किया।

चेंबर के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि चेंबर ऑफ कामर्स ने सभी व्यापारी संघों से इस पुण्य कार्य में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की। चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा राजनांदगांव में स्थाई प्याऊ घरों सहित चलित प्याऊ द्वारा भी शीघ्र ही आम जनता के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की योजना है। जिसमें गंज लाइन ने मोबाइल एसोसिएशन और भारतमाता चौक



में जिला सराफा एसोसिएशन के सौजन्य से प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर चेंबर ऑफ कामर्स के वरिष्ठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरूण लहरवानी, मोबाइल एसोसिएशन से अरूण डुलानी, जिला सराफा संघ से नथमल कोटडिया सहित चेंबर, मोबाइल एसोसिएशन एवं जिला सराफा एसोसिएशन के समस्त वरिष्ठ एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# एजुकेशन हब के शेष कार्य करें जल्द पूर्ण

## निगम आयुक्त ने किया वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साफ-सफाई में गुणात्तम सुधार लाने तथा शहर में चल रहे निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन सुबह वार्डों में निरीक्षण कर रहे हैं। सोमवार को नंदई, इंदिरा नगर, सृष्टि कालोनी, गौरवपथ में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर सफाई में सुधार लाने तथा निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारी को दिए।

सफाई निरीक्षण में आयुक्त विश्वकर्मा ने नंदई की गलियों व सड़कों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने कहा। नंदई में नाला सफाई देख बारिश के पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई करने कहा। उन्होंने कहा कि जहां मेनुअल आवश्यकता है, वहां गैंग लगाकर एवं बड़े नालों की जेसीबी व चैन माउंटेन से नाला सफाई कराएं। जिससे बरसात में पानी भराव की स्थिति निर्मित न हो। सृष्टि कालोनी एवं अटल आवास क्षेत्र में साफ-सफाई देख कहा कि कालोनी क्षेत्र में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कर शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें।



## क्षतिग्रस्त नाली मरम्मत कराने के दिए निर्देश

आयुक्त विश्वकर्मा ने सृष्टि कालोनी में क्षतिग्रस्त नाली मरम्मत कराने तथा पुलिया निर्माण करने संबंधित तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया। पाईप लाइन लिकेज पर मरम्मत करने कहा। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र के वाल्वमैन वाल खोलने के पश्चात निरीक्षण कर कम पानी आने, पाईप लाइन लिकेज आदि की अधिकारियों को जानकारी दें। आयुक्त ने एजुकेशन हब निर्माण कार्य का जायजा लिया और रंग-रोगन देख कहा कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। कार्य में गति लाकर शेष कार्य जल्द पूर्ण किया जाए, ताकि शासन की मंशानुरूप विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों की अधिकारी सतत मानिटरिंग करें एवं समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# एक्वा विलेज वाटर पार्क मामले में जल्द हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के नजदीक इंदामारा स्थित एक्वा विलेज वाटर पार्क में महाराष्ट्र के आमगांव के अंशुल भंडारकर नामक 13 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई। वह परिवार सहित आया हुआ था।

पार्क में नहाते वक्त वेव पूल में फंस गया और संभल नहीं पाया ऐसा बताया जा रहा है। उक्त मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने त्वरित रूप से एफआईआर व जांच की मांग की है। श्री मिश्रा ने कहा कि यह मामला समय के साथ बेहद संदिग्ध होता जा रहा है। सबसे पहले तो लाइफ जैकेट और सुरक्षाकर्मी कहां थे, अगर बच्चा अकेला खतरनाक एरिया में जा रहा था, प्रबंधन क्या कर रहा था? कुछ पता नहीं आज दिनांक तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। प्रबंधन द्वारा केवल टालमटोल किया जा रहा है इस प्रकार की जगहों में सुरक्षा मापदंड तय होते हैं।

साथ ही लाइफगार्ड इत्यादि सभी जगहों पर मौजूद होते हैं। सीसीटीवी कैमरा जगह-जगह लगा होता है, ऐसे में किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना होने पर तुरंत जानकारी मिल जाती है। ऐसे में एक बच्चे की डूबने से मौत हो जाना और उसके बाद वाटर पार्क प्रबंधन द्वारा बच्चे को मानसिक रूप से कमजोर बताना कतई गले नहीं उतरती।

### कॉलेज के पुराने दिनों को किया याद

# रीयूनियन में 18 साल बाद मिले दोस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कहते हैं बचपन दोबारा नहीं आता, ठीक उसी तरह स्कूल-कॉलेज के दिन भी लौटकर नहीं आते। ताउम्र हमारे जेहन में सिर्फ यादें रह जाती है, लेकिन राजनांदगांव दिग्विजय महाविद्यालय की पीढ़ी ने अपने कॉलेज के पुराने दिनों को दोबारा वापस लाने रीयूनियन का सहारा लिया। पुराने स्टूडेंट्स राजनांदगांव स्थित एक निजी होटल में इकट्ठा हुए और सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सभी छात्रों ने अपना परिचय दिया और अपने साथियों से मिलकर पुराने दिन ताजा किए।

इस अवसर पर गीतांजलि साहू शिक्षिका सुरगी, माधुरी साहू शिक्षिका कुम्हालोरी, हिमांशी सोलंकी, एकेडमिक एजुकेटर आर्ट टीचर नया रायपुर, विद्यारानी मेहर जूनियर कॉलेज लैक्चरार, वंदना यदु शिक्षिका



दुर्ग, शिव सोनी शिक्षक डोंगरगढ़, राहुल देवांगन डाटा साइंटिस्ट बैंगलोर, राहुल सिंह एचआर वेदांता कोरबा, युगल किशोर सिन्हा एचआर जेएसपीएल अंगुल उड़ीसा, वीरेंद्र टेंभुरकर शिक्षक सुरगी, चेतन सिंह चंद्राकर उपनिरीक्षक पीएचक्यू रायपुर, लक्ष्मी नारायण सिंह शिक्षक छुरिया, ज्वेल जोसफ एसबीआई डोंगरगढ़, चंद्रभूषण ठाकुर ट्रेज़री ऑफिसर, अखिलेश श्रीवास्तव शिक्षक खैरागढ़, सुरेश शिक्षक, गिरधर वर्मा, सतीश सिंह शिक्षक, लोकेश रजक, जितेश बागड़े विद्युत विभाग, जितेंद्र वर्मा शिक्षक खैरागढ़, विक्रांत शिक्षक दुर्ग, डालेंद्र देवांगन ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर बिलासपुर एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे।

## 35 दोस्त सालों बाद मिले

दोस्ती जितनी पुरानी हो, वो उतनी एक-दूसरे के प्रति विश्वास और भरोसा पैदा करती है और यदि ये दोस्ती स्कूल-कॉलेज के समय की हो तो फिर बात ही क्या। पुराना दोस्त यदि अचानक मिल जाए तो उसे देखते ही पुरानी यादें ताजा हो जाती है, लेकिन यदि 35 दोस्त सालों बाद एक-दूसरे से मिले तो इसे आप क्या कहेंगे। जरा सोचिये वो नजारा क्या होगा, लेकिन ऐसा नजारा हकीकत में देखने मिला। राजनांदगांव के शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय का 2007 साइंस बैच एक निजी होटल में इकट्ठा हुआ। इस बैच के 35 छात्रों ने एक-दूसरे से मिलकर यादें ताजा की।

# चुनौती नहीं कर्त्तव्य निर्वहन करें मंत्री

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के महामंत्री रूपेश दुबे ने स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत राजनांदगांव, खैरागढ़, मोहला-मानपुर जिले के हितग्राहियों को भाजपा शासनकाल में शौचालय हेतु 12 हजार की राशि का सीधे तौर पर गबन के दस्तावेजी प्रमाण पत्र के साथ सिविल लाइन के पते पर रजिस्टर्ड डाक एवं सुलभ संदर्भ हेतु जिला पंचायत कार्यालय के माध्यम से पत्र प्रेषित कर इस मामले में जांच कराने की मांग है।



प्रदेश प्रवक्ता श्री दुबे ने बताया कि 2 अक्टूबर 2014 से स्वच्छ भारत मिशन योजना देशभर में लागू हुई। जिसके चलते ग्रामीण हितग्राहियों को 10 हजार रुपए शौचालय एवं 2 रुपए पानी टंकी के लिए दिए जाने का प्रावधान है। शौचालय निर्माण पर 50 प्रतिशत की राशि एवं 3 माह तक शौचालय का उपयोग किए जाने पर शेष 50 प्रतिशत राशि सीधे बैंक खाते में डीबीटी द्वारा हस्तांतरित करने का नियम था, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के विस जिले में किसी भी हितग्राही को 12 हजार की राशि का भुगतान नहीं किया गया और नियमों विपरीत सीधे-सीधे राशि का हेराफेरी किया गया। जिसके चलते सरपंच भी कलंकित हुए।

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छग)**
राजस्व मामला क्रमांक 202505093700019 अ-6 वर्ष 2024-25

- :: ईश्तहार :: -

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अलकनंदा ठाकुर ध.प. स्व. तिलकनाथ ठाकुर, निवासी-किलापारा, वार्ड नं. 39, तहसील व जिला-राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगांव मोहल्ला किलापारा स्थित शीट क्रमांक 37 सी, भूखण्ड क्रमांक 136, क्षेत्रफल 98.00 वर्गमीटर जो धारकगण तिलकनाथ, ममता, हेमलता पिता बेदनाथ ठाकुर, निवासी-ढीमरपारा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक तिलकनाथ आ. बेदनाथ की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 30.05.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
नजूल जांच, राजनांदगांव

**// शपथपत्र //**

मैं मांगीलाल पटेल पिता समलू निवासी 51, बूढ़ासागर, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव छ.ग. निवासी हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि -
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री रवीना पटेल के नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. से प्राप्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम रवीना पटेल / RAVINI PATEL पिता का नाम मोगीलाल पटेल / MOGILAL PATEL, माता का नाम भोजबाई / BHOJ BAI, पंजीकरण संख्या 2019.14.003103 पंजीकरण दिनांक 23.11. 2019, जारी करने की तिथि 23.11.2019 जन्म तिथि 28.10.2019 माता-पिता का स्थाई पता- ग्राम बूढ़ासागर पोस्ट गंडई जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ अंकित है।
3. यह कि मैं अपनी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में अंकित पिता का नाम पिता का नाम मोगीलाल पटेल / MOGILAL PATEL का स्पेलिंग सुधार कराकर मांगीलाल पटेल/ MANGILAL PATEL अंकित कराना चाहता हूँ।
अतः उक्त संबंध में शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
माँगीलाल

**// सत्यापन //**

मैं उक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 तक में उल्लेखित कथन सही एवं सत्य है। जांच पश्चात यदि उक्त कथन में असत्यता पाई गई तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी। साथ ही शासन द्वारा दिये जाने वाले दण्ड भी मुझे मान्य होंगे।
दिनांक 14 मई 2025

सत्यानपकर्ता
मांगी लाल

**सक्षम- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
**शपथकर्ताः-** विनय कुमार सिंह पिता स्व. भागवत शरण सिंह जाति- कुशवाहा, उम्र 67 वर्ष निवासी कृष्णा नगर, वार्ड नं. 06. रेल्वे हास्पिटल के पीछे, डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाव (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन प्रस्तुत करता हूँ -
1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैं भूतपूर्व सैनिक Ex No. 14298329 X नायक (TS) हूँ। मेरे सर्विस शीट में मेरी बड़ी पुत्री का नाम कुमारी अर्चना (Kumari Archana), छोटी पुत्री का नाम कुमारी प्रतिभा (Kumari Pratibha) पुत्र का नाम-प्रभंजन कुमार सिंह (Prbhanjan Kumar Singh) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जबकि मेरी बड़ी पुत्री का सही नाम-अर्चना कुमारी (Archana Kumari) छोटी पुत्री का नाम प्रतिभा कुमारी सिंह (Pratibha Kumari Singh) एवं पुत्र का नाम प्रभंजन कुमार सिंह (Prabhanjan Kumar Singh) है। जो कि सही है।
3. यह कि कुमारी अर्चना (Kumari Archana) एवं अर्चना कुमारी (Archana Kumari ), कुमारी प्रतिभा (Kumari Pratibha) एवं प्रतिभा कुमारी सिंह (Pratibha Kumari Singh) तथा प्रभंजन कुमार सिंह (Prbhanjan Kumar Singh) एवं प्रभंजन कुमार सिंह (Prabhanjan Kumar Singh) एक ही व्यक्ति है।
4. यह कि मैं अपने सर्विस शीट में आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा कक्षा दसवी की अंकसूची के अनुसार अपनी बड़ी पुत्री का नाम कुमारी अर्चना (Kumari Archana) के स्थान पर अर्चना कुमारी (Archana Kumari) छोटी पुत्री का नाम-कुमारी प्रतिभा (Kumari Pratibha) के स्थान पर प्रतिभा कुमारी सिंह (Pratibha Kumari Singh) तथा पुत्र का नाम प्रभंजन कुमार सिंह (Prbhanjan Kumar Singh) के स्थान पर प्रभंजन कुमार सिंह (Prabhanjan Kumar Singh) दर्ज करवाना चाहता हूँ। जिस हेतु मे यह शपथ पत्र सिगनल अभिलेख कार्यालय जबलपुर (म.प्र.) में प्रस्तुत कर रहा हूँ।
दिनांक- 12/05/2025 शपथकर्ता

**// सत्यापन //**

मैं विनय कुमार सिंह पिता स्व. भागवत शरण सिंह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 1 से लेकर 4 तक का कथन मेरे स्वतः की जानकारी में सत्य एवं सही है। जिस पर आज दिनांक 12/05/2025 को स्थान- डोंगरगढ़ अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

## सार समाचार

### 10वीं बोर्ड में 90.6 फीसदी अंक लेकर काव्यांश ने मारी बाजी, राजनांदगांव में किया टॉप

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के सुप्रसिद्ध जेएमजे नवजीवन स्कूल के कक्षा 10वीं बोर्ड और 12वीं बोर्ड की परीक्षा परिणाम ने नगर को गौरवान्वित किया



है। बता दें कि कक्षा 10वीं में छात्र काव्यांश तिवारी ने 90.6 फीसदी अंक लेकर राजनांदगांव स्कूल में टॉप किया है। छात्र काव्यांश,डॉली-डॉ दिनेश तिवारी के सुपुत्र एवं कृष्ण कुमार तिवारी के पोते हैं। छात्र ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने मम्मी-पापा और स्कूल के प्राचार्य सहित सभी टीचरों को दिया है। बताया कि वे रोज करीब पांच घंटे पढ़ाई करते थे। आगे चलकर वे प्रशासनिक क्षेत्र में जाने का इरादा रखते हैं। इस स्कूल में कक्षा 10वीं में सुमीत देवांगन ने 87 प्रतिशत ,तोषी साहू 85.8 प्रतिशत ,अस्मिता वर्मा 85 प्रतिशत, हर्षिता दुबे 84.4 प्रतिशत,खुशी साहू 84.2 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में इशान खंडेलवाल ने 82.8 प्रतिशत ,प्रिंसिका अग्रहरी ने 82.8 प्रतिशत,पीयोझा नेताम 79.2 प्रतिशत , अंश गुप्ता 77.4 प्रतिशत, कोमल सोनकर 76 प्रतिशत,दीपाली कुर्रे 75.6 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा पास किया है। इन सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्राचार्य सहित स्कूल के सभी गुरूजनों ने बधाई दी है।

### सुपरवाईजरों को नहीं हटाने पर होगा आंदोलन

**राजनांदगांव।** दुर्ग संभागीय उड़नदस्ता टीम द्वारा राजनांदगांव जिले के चिखली स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान का औचक निरीक्षण किया गया।



जांच के दौरान ओवर रेट का खुलासा होने के बाद भी आबकारी विभाग द्वारा सुपरवाईजर धनपत ध्रुव पर कार्रवाई नहीं की गई है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा का कहना है कि दोषियों पर यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे शीघ्र ही आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता टीम द्वारा जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तो पाया गया कि काउंटर के पास जानबूझकर मदिरा की पेटियां रखी गई थी। जिससे कैमरे का कवरेज बाधित हो और ओवररेटिंग की गतिविधि रिकॉर्ड न हो सके। इस मामले में अधिक दर पर मदिरा विक्रय का प्रकरण दर्ज किया गया है। सुपरवाईजर धनपत ध्रुव और चंद्रशेखर भट्ट को अब तक हटाया नहीं गया है। जबकि आबकारी उपायुक्त से उन्हें हटाकर ब्लैक लिस्ट करने का आदेश भी जारी हो चुका है, जिस पर युवा कांग्रेस शहर जिला के अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने प्रशासनिक प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करते तत्काल कार्रवाई की मांग की है। अगर कार्रवाई नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### भरेंगांव में समाधान शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए



प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भरेंगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत भरेंगांव, जंगलेसर, खैरा र, पार्रीकला, सुंदरा, तोरनकट्टा, ईरार, खुटेरी, पर्रीखुर्द, मोखला, आरला, ठेकवा, मनकी के ग्रामीणों द्वारा शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों ने निराकरणों का वाचन किया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शिशुओं का अन्नप्रासन्न का आयोजन किया गया तथा गर्भवती माताओं की गोदभराई की गई। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अवलोकन किया। शिविर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर, मधुमेह का परीक्षण कराया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### नांदगांव में समर कैम्प का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** पीएमश्री सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी द्वारा समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। श्री सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेलो के महत्व के संबंध में जानकारी दी। जिला स्तरीय समर कैम्प के प्रभारी आदर्श वासनिक ने विद्यालय में विद्यार्थियों को कैरियर काऊंसलिंग के बारे में बताया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

# बेटा लौट आओ, अब हथियार नहीं घर परिवार की जिम्मेदारी उठाओ

## नक्सली लोकेश सलामे के घर पहुंचे एसपी वाईपी सिंह, माता-पिता ने मिलकर किया भावुक संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बेटा लौट आओ अब हथियार नहीं घर-परिवार की जिम्मेदारी उठाओ, जन्म देकर हथियार उठाने के लिए पाला नहीं था। यह अपील गरीबी के थपोलों के बीच जिंदगी बसर कर रहे बुजुर्ग माता-पिता ने वर्षों से बीहड़ों में हथियार थामकर आतंक का पर्याय बने अपने नक्सली कमांडर बेटे से की है। मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के पुलिस कप्तान वाईपी सिंग आज मानपुर विकासखंड के आमाकोडो गांव पहुंचकर नक्सली कमांडर लोकेश सलामे के माता-पिता से मिले, जहां परिजनों ने पुलिस कप्तान से भावुक संवाद किए।

उल्लेखनीय है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंग लगातार नक्सली गतिविधियां से लेकर नक्सलियों के अंदरूनी सहयोगियों के खिलाफ व्यापक कदम उठाने के साथ-साथ इस पिछड़े दूरस्थ अंचल के आम ग्रामीण व पुलिस विभाग के बीच मधुर रिश्तों को बढ़ाने नित नए कदम उठाते हुए लगातार प्रयासरत हैं। एसपी वाईपी सिंग आज दोपहर को नक्सली कमांडर लोकेश सलामे के घर पहुंचे और उसके माता-पिता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को साड़ी, गमछा व मिठाई भेंटकर सम्मानित किया। यह केवल एक रस्म नहीं था, बल्कि उस विश्वास का प्रतीक था, जो प्रशासन अब जंगलों में भटके युवाओं पर जता रहा हैं। पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने लोकेश को आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने की अपील करते कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वालों को सुरक्षा, पुनर्वास और सम्मान की गारंटी देती है। लोकेश जैसे युवा यदि लौट आए तो वह भी समाज के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। मुलाकात के दौरान गरीब बूढ़े माता-पिता की आंखों में आंसू थे। उन्होंने अपने कमांडर बेटे से भावुक अपील कि हमने तुम्हें बंदूक उठाने के लिए नहीं पाला था, लौट आओ बेटा मिलेगी नई जिंदगी।

#### दो माह के अवधि में तीन सरेंडर

वनांचल में पिछले दो माह में तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। हार्डकोर नक्सलियों की घर वापसी से नक्सल संगठन बैकफुट पर आ गया है। ऑपरेशन प्रयास के तहत लगातार रूपेश के परिवारजनों से संपर्क स्थापित कर शासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज रूपेश मंडावी हथियार छोड़कर आत्मसम्मान की जिंदगी जी रहा है।



#### मोबाइल नेटवर्क से जुड़ा गांव

जिले के नवागांव, आमाकोड़ों, संबलपुर के आसपास में मोबाइल टावर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। कैंप स्थापना के साथ-साथ 5 जी टावरों की स्थापना की गई है। ऑपरेशन प्रयास का प्रहार नक्सली सहयोगियों पर जिले में नक्सल उन्मूलन का कार्य नक्सल सहयोगियों के खात्मा से संभव है। विगत एक वर्ष में 15 से ज्यादा नक्सली सहयोगियों के ऊपर यूएपीए के विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई। जिसके कारण नक्सली किसी जंगलों कैंप लगाने, मीटिंग लेने, आम ग्रामीणों से लेव्ही वसूलने में असमर्थ हुए हैं।

#### कैंप के साथ विकास कार्य

आमाकोड़ों और पीटेमेटा के घने जंगलों में पिछले वर्ष कैंप स्थापित किया गया। जिसके माध्यम से ग्राम पीटेमेटा को सीसी रोड के माध्यम से मुख्य मार्ग में जोड़ा जाना है। बुकमरका जैसे सुदूरवर्ती ग्राम को कैंप संबलपुर के माध्यम से ब्लैक टॉप रोड से जोड़ा गया है। महाराष्ट्र सीमा में स्थापित नवागांव कैंप के माध्यम से घोड़ाझरी गांव को भी ब्लैक टॉप रोड से कनेक्ट किया जाएगा।

## कलेक्टर और एसपी ने ली बैठक, दिए निर्देश

# रेत और मुरूम के अवैध उत्खनन के खिलाफ गठित होगी टॉस्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, मादक पदार्थों की रोकथाम, आबकारी एवं नए कानून के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट देने में विलंब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में हुई मृत्यु तथा अन्य कारणों में हुई मृत्यु के संबंध में पोस्टमार्टम का कार्य निर्धारित समय-सीमा में करें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को मादक पदार्थों से दूर रखने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके लिए उन्होंने विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स के माध्यम से संदेश देने के लिए कहा।

उन्होंने शराब की अवैध रूप से ओव्हररेट पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों में अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्किंग एवं यातायात की व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां पार्किंग किया जा सकता है। इसके साथ ही पार्किंग के लिए वर्तमान एवं भविष्य के दृष्टिगत स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए कार्य करना है। उन्होंने इसके लिए डायवर्सन, नो सिंगनल, नो एण्ट्री, रोड चौड़ीकरण के संबंध में चर्चा की।



#### स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की पहचान करते हुए आपराधिक एवं संदेहास्पद व्यक्तियों का चिन्हांकन करें तथा इसके लिए लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिवनाथ नदी में हो रहे हादसों को ध्यान में रखते हुए वहां दुर्घटनाजन्य क्षेत्र का बोर्ड लगवाने के लिए कहा।

#### ओव्हररेट पर होगी कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आसान बनाते हुए कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि निर्धारित समय सीमा में कार्य संभव हो सके। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ एवं सोमनी क्षेत्र में मादक पदार्थ एवं नशीले दवाईयों पर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने ओव्हर रेट मदिरा, स्मगलिंग, कोचियों के माध्यम से शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए कहा। उन्होंने अवैध रेत एवं मुरूम के अवैध उत्खनन पर टास्क फोर्स गठित करने के लिए कहा। उन्होंने पशुक्रूरता अधिनियम, सड़क सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द्र सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

### प्रोफेसर की कमी से घट रही छात्र संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि



प्रदेश में नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है, लेकिन कॉलेजों में विषय विशेषज्ञ प्रोफेसरों की भारी कमी के चलते छात्र लगातार पढ़ाई छोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि डिग्री अब चार वर्षीय हो गई है और सेमेस्टर प्रणाली के तहत परीक्षाएं हो रही हैं, लेकिन इसके अनुरूप न तो कॉलेज तैयार हैं और न ही छात्रों को स्कूल स्तर पर सही मार्गदर्शन मिला है।

राजा यादव ने कहा कि जिले के प्रमुख दिग्विजय महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत तीसरे वर्ष में पहुंचे छात्रों की संख्या पहले वर्ष की तुलना में लगभग आधी रह गई है। यही स्थिति अन्य महाविद्यालयों में भी देखने को मिल रही है।

एनएसयूआई प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग फिलहाल मुख्यमंत्री के पास है। इसके बावजूद कॉलेजों की हालत चिंताजनक है। यदि इस शैक्षणिक सत्र तक प्रोफेसरों की कमी दूर नहीं की गई तो एनएसयूआई छात्रहित में प्रदेश नेतृत्व के साथ उग्र आंदोलन करेगी।

# शिर्डी, शनि शिंगनापुर, त्रयंब्केश्वर की यात्रा के लिए तीर्थयात्री रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 14 से 17 मई 2025 तक शिर्डी, शनि शिंगनापुर, त्रयंब्केश्वर की तीर्थयात्रा के लिए राजनांदगांव जिले के 313 तीर्थयात्री सहित कबीरधाम जिले के 244, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के 113 एवं मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के 110 कुल 780 तीर्थयात्री एवं उनके साथ 20 अनुरक्षक को बोर्डिंग स्टेशन राजनांदगांव से विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान तीर्थयात्रियों को तीर्थयात्रा के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, मूलचंद लोधी, जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू व शीला टाकेश सिन्हा, राजा माखीजा, प्रकाश वाधवानी, अशोक निर्मलकर, राकेश सिन्हा, पप्पू चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



उप संचालक समाज कल्याण बीएल ठाकुर ने बताया कि तीर्थयात्रियों के लिए विशेष ट्रेन नागपुर, अकोला, भुसावल, मनमाड़ होते हुए शिर्डी साई नगर जाएगी।

तीर्थयात्री 15 मई को शिर्डी से बस द्वारा शनि शिंगनापुर मंदिर का दर्शन कर वापस शिर्डी लौटकर सांई बाबा मंदिर के दर्शन कर रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद तीर्थयात्री 16 मई को ट्रेन द्वारा नासिक जाएंगे। नासिक में त्रयंब्केश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर एवं पंचवटी यात्री दर्शन के बाद के बाद नाशिक स्टेशन से राजनांदगांव के लिए वापसी होगी। तीर्थयात्रियों की 17 मई को सुबह 11 बजे राजनांदगांव वापसी होगी।

ट्रेन वातानुकूलित है। तीर्थयात्रियों को चाय, नास्ता, भोजन सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। तीर्थयात्रियों के साथ राजनांदगांव एवं कबीरधाम जिले के एक-एक चिकित्सक एवं 20 अनुरक्षक भेजा गया है।

# मेडिकल दुकानों की आकस्मिक जांच

- नशीली दवाईयों की बिक्री पर अंकुश लगाने अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र में संचालित मेडिकल दुकानों का पुलिस एवं ड्रग विभाग के अधिकारियों ने आकस्मिक चेकिंग किया। इस दौरान प्रतिबंधित व नशीली दवाईयों के बिक्री में अंकुश लगाने व युवा पीढ़ी को नशामुक्त करने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया।

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन में मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित व नशीली दवाईयों की बिक्री में अंकुश लगाने व युवा पीढी को नशा मुक्त करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया है। जिसके परिपालन में थाना सोमनी द्वारा लगातार थाना सोमनी क्षेत्र में संचालित मेडिकल दुकानों का चेकिंग की जा रही है।

13 मई को थाना सोमनी द्वारा एडीसी संजय सिंह जडेकर व ड्रग इंस्पेक्टर प्रवीण चौबे की उपस्थिति में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन द्वारा थाना सोमनी स्टाफ के साथ थाना सोमनी क्षेत्रांर्गत संचालित कल्याणी मेडिकल स्टोर्स, न्यु कल्याणी मेडिकल स्टोर्स, साहू मेडिकल स्टोर्स, वेलफेयर मेडिकोस व यामिनी मेडिकल स्टोर्स पर आकस्मिक चेकिंग किया गया।



#### प्रतिबंधित दवाईयों की बिक्री नहीं करने हिदायत

चेकिंग के दौरान मेडिकल दुकानों में प्रतिबंधित दवाई, नशीली दवाई का भंडारण एवं विक्रय करना नहीं पाया गया एवं मेडिकल संचालकों को प्रतिबंधित एवं नशीली दवाईयों का विक्रय नहीं करने के संबंध में हिदायत दिया गया। मेडिकल दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया एवं मेडिकल दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का अधिक से अधिक बैकअप रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रतिबंधित एवं नशीली दवाईयों के क्रय, विक्रय, परिवहन, भण्डारण के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल थाना सोमनी में सूचित करने हेतु समझाईस दिया गया है।

# आठ दिवसीय राजयोग शिविर प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन लालबाग राजनांदगांव के तत्वावधान में समीपस्थ ग्राम गठुला में आठ दिवसीय राजयोग शिविर का शुभारंभ 13 मई मंगलवार को हुआ। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राजनांदगांव से पधारी ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन के साथ-साथ मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच चित्रलेखा ठाकुर एवं विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य ललिता टारजन साहू ,पूर्व सरपंच हरिराम साहू,उप सरपंच सुखीराम साहू, पंच चैनदास साहू , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा साहू ,कविता साहू एवं साहू समाज अध्यक्ष कौशल साहू के करकमलों से इस शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमार चैतराम वर्मा,मुरलीधर सोमानी भाई सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

# समाधान शिविरों का आयोजन

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जनसंवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण में 30 मई तक शिकायतों एवं मांगों के निराकरण के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कुल 68 समाधान शिविरों का आयोजन हो रहा है। शिविरों में नए आवेदन भी लिए जा रहे और जिन आवेदनों का समाधान शिविर संभव हो रहा है, उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है।

जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत उपरवाह में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत उपरवाह, मोहंदी, भदेरानवागांव, सलोनी, भेंडरवानी, गोपालपुर, बिजेतला, मुरमुंदा, बिरेझर, चारभांठा, मुडपार मि., कलडबरी के ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण किया गया। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत ढारा, कन्हारगांव, देवकट्टा, शिवपुरी, सलोनी, रीवागहन, घोटिया, तोतलभर्री, कलकसा, भैंसरा के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए ग्राम ढारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

पृष्ठ 11 का शेष

### गुपचुप तरीके से...

**जमीन दिखाकर कराया निवेश-** कंपनी द्वारा झांसा देने के लिए सिंघोला, कांकेतरा, मानपुर, डोंगरगांव, राजनांदगांव, गुंगेरी नवागांव, बैहर, गठुला, रेवाडीह जैसे अनेक स्थानों में भूमि क्रय किया गया] मगर पैसा प्राप्त करने के बाद निवेशकों को न पैसा वापस किया गया और न ही जमीन दी गई।

**बेची जा रही है जमीन-** शिकायतकर्ताओं ने कहा कि करोड़ रुपए कंपनी के डायरेक्टरों ने वसूल कर लिया है। सैकड़ों निवेशकों के द्वारा पैसों की मांग की जा रही है तो रकम जमीन खरीदी में फंसा होना बताया जा रहा है। जमीन मांगने पर जमीन भी नहीं दिया जा रहा है और डायरेक्टरों द्वारा धीरे-धीरे जमीन विक्रय किया जा रहा है।



## उपमुख्यमंत्री के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल

# विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों का भूमिपूजन





**कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर को बदलने में मदद गार**

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक गांव और प्रत्येक व्यक्ति तक विकास की पहुंच बनाना हमारी प्राथमिकता है। आज के भूमिपूजन से क्षेत्रवासियों को नई सुविधाओं का लाभ मिलेगा, जो उनके जीवन स्तर को सुधारने में मददगार साबित होंगे। इन निर्माण कार्यों में सड़क, रंगमंच, नाली निर्माण, तालाब गहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। जनप्रतिनिधियों ने इन परियोजनाओं को स्थानीय निवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों की गति को तेज करने के लिए धन्यवाद दिया। यह विकास कार्य क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और आने वाले समय में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर को बदलने में मदद करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार प्रयासों से कवर्धा विधानसभा के विभिन्न गांवों में स्थानीय और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास कार्यों भूमिपूजन किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री के क्षेत्र भ्रमण के दौरान की गई घोषणाओं पर त्वरित अमल करते हुए क्षेत्र में 75 लाख 50 हजार की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

यह भूमिपूजन जनपद पंचायत कवर्धा, सहसपुर लोहारा और बोड़ला के विभिन्न गांवों में आयोजित किया गया, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासी उपस्थिति थे।

कवर्धा विधानसभा के अंतर्गत ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया, जिनमें कुल 3 लाख रूपए की लागत से ग्राम डंगनिया में तालाब गहरीकरण, 5 लाख रूपए की लागत से ग्राम जेवडन में रंगमंच निर्माण, 6 लाख 50 हजार रूपए की लागत से ग्राम तरेगांव में सामुदायिक भवन निर्माण, 41 लाख रूपए की लागत से ग्राम मदनपुर में सीसी रोड, नाली और सामुदायिक भवन निर्माण, 10 लाख रूपए की लागत से ग्राम दुबहा और धरमपुरा में सीसी रोड और नाली निर्माण तथा 7 लाख रूपए की लागत से ग्राम कान्हाभैरा में सीसी रोड और रंगमंच निर्माण कार्य शामिल हैं। ये विकास कार्य क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में योगदान करेंगे। इन विकास कार्यों से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बहुत लाभ होगा। जब गांवों में आधारभूत संरचनाएं मजबूत होंगी, तो व्यवसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। ये कार्य न केवल गांवों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करेंगे, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक, और आर्थिक पहलुओं को भी सशक्त बनाएंगे। यह विकास ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम होगा।

# अभ्युदय स्कूल के नीरव ने 10वीं में 96.6 प्रतिशत एवं लब्धि 12 वी में 95 प्रतिशत अंक हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



















सी बी ए स सी दसवीं एवं 12 वीं बोर्ड सर्टिफिकेट परीक्षा में अभ्युदय विद्यालय का दबदबा रहा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित नगर में स्थित अभ्युदय विद्यालय के कक्षा दसवीं के छात्र नीरव यादव ने 96.6 प्रतिशत अंको के साथ स्कूल में प्रवीण्य सूची में शीर्ष पर रहते हुए अभ्युदय का परचम लहराया एवं कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के छात्र केशव सोनी ने 94 प्रतिशत और कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय की छात्रा लब्धि जैन ने 95 प्रतिशत उत्कृष्ट अंक अर्जित किया। साथ ही कक्षा दसवीं के छात्रा अनिका राठोर ने 96.4 प्रतिशत एवं दामिनी नवरंग ने 93 प्रतिशत अंक अर्जित किये । इस वर्ष भी नगर के अभ्युदय विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें 49 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान पर रहते हुए प्रवीण्य सूची में स्थान बनाकर विद्यालय और अपने पालकों का मान बढ़ाया। कक्षा बारहवीं के विज्ञान संकाय के छात्रा आविश्का झा एवं हरलीन कौर बग्गा ने क्रमशः 83.4 एवं 82.8 प्रतिशत अंक अर्जित किये। कक्षा बारहवीं के वाणिज्य संकाय की छात्रा आस्था लुनिया एवं छात्र अभिनव सोनी ने क्रमशः 93 एवं 90 प्रतिशत अंक अर्जित किये। वहीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 53 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें वाणिज्य संकाय के कुल 36 विद्यार्थियों में 31 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में रहे। विज्ञान संकाय के कुल 15 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में रहे। गौरतलब है कि नीरव यादव एवं अनिका राठोड ने आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस विषय पर शत - प्रतिशत अंक अर्जित किये। विद्यालय के चेयरमैन अभिषेक सिंह, डायरेक्टर प्रमोद अग्रवाल, सपन चपड़ा एवं संस्था अकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बेहतर प्रदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनायें एवं बधाई प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खाद वितरण होने से किसानों में खुशी



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव की सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत किसान लोग को लाभ मिलते हैं, कोलेगांव, बसनी, घोरपेंड्री, खेलटोकरी, रेहूटा, सूरजपुरा के किसानों को सेवा सहकारी समिति के माध्यम से खाद वितरण किया गया जिससे किसानों को यूरिया पोटाश राकड डीएपी समिति प्रबंधक के द्वारा दिया गया किसानों को परमिट काटकर दिया गया जिससे किसान को सही समय पर खाद मिलने पर बहुत ही खुशी जाहिर किया।

# सीबीएसई कक्षा 12 में अशोका स्कूल के पहले बैच का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा









अशोका स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता और अनुशासन के लिए जाना जाता है। इस वर्ष अपने पहले सीबीएसई कक्षा 12वीं बैच के साथ शानदार शुरुआत की है। कुल 14 विद्यार्थियों में से 10 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं कॉमर्स संकाय की छात्रा आशी जैन ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय में टॉप किया, वहीं विज्ञान संकाय में गीतेश देवांगन ने 82 प्रतिशत अंक अर्जित किए। इसी प्रकार कक्षा 10वीं के परिणाम भी उल्लेखनीय रहे। कुल 20 छात्रों में से 10 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की।

छात्र राजवर्धन सिंह ने सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंकों प्राप्त कर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी को गौरवांवित किया। इसी प्रकार विगत दिनों सीजी बोर्ड का भी परीक्षा परिणाम घोषित हुआ था। जिसमें भी अशोका स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 12 वीं में कुल 33 में 16 बच्चे प्रथम श्रेणी में तथा 10वीं में कुल 28 में से 14 बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 12 वीं में उज्ज्वल सोनी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 10वीं में निधि चंद्रवंशी ने 90 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह परिणाम विद्यालय के समर्पित शिक्षण, अनुशासित वातावरण और छात्रों की मेहनत का प्रतिफल है। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन, व्यवस्थापक सागर नामदेव एवं समस्त शिक्षकीय स्टाफ ने सफल छात्रों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की मार्गदर्शक भूमिका तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने आगामी वर्षों में भी ऐसे ही श्रेष्ठ परिणामों की आशा व्यक्त करते हुए छात्रों को लगातार प्रेरित करने का संकल्प लिया है।

# सरकारी गोदाम भवन जर्जर एवं बदहाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत रामहेपुर कला है जो बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत आता है सरकारी गोदाम भवन जर्जर एवं बदहाल हो चुके है वर्तमान में ग्राम पंचायत मे संचालित हो रहा है उचित मूल्य की दुकान चावल शक्कर नमक गोदाम भवन नव निर्माण करने की जरूरत है। जो 2017-18 में जगह-जगह दरार पड़ चुके हैं और बदहाल हो चुके हैं इसलिए इस गोदाम भवन अब खंडहर की में तब्दील हो चुके हैं जिनके कारण से गोदाम भवन दो सालों से पंचायत भवन पर संचालित हो रहा है ताकि हितग्राही राशन कार्ड धारी को नमक चावल और शक्कर समय पर मिल सके एक तरफ लाखों रुपया बनकर तैयार हुई पंचायत भवन चावल के बोरा शक्कर नमक को एकत्र कर रहे हैं जिनके कारण से पंचायत भवन भी क्षतिग्रस्त होने लगे हैं इसलिए गोदाम भवन को तत्काल मरम्मत और सुधार नव निर्माण कराया जाए ताकि हितग्राहियों को अपना गोदाम भवन मिल सके। ग्राम पंचायत जनपद और जिला पंचायत जिला को ध्यान देने की जरूरत है ताकि बहुत जल्द राशन कार्ड हितग्राहियों को लाभ मिल सके।

# विवाह में पेश किया आधुनिकता के शोरगुन में वैदिकता का उदाहरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

समीपस्थ मालगुजारी ग्राम रापा में हाल ही में कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशमहामंत्री दुर्ग संभाग एवं विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष कबीरधाम नंदलाल चंद्राकर ने अपने सुपुत्र चिं.होमेश्वर संग सौ.कां. प्रगति सुपुत्री धर्मराजसिंह चंद्राकर बंसापुर एवं चिं.वेदप्रकाश संग सौ.का. खेमेश्वरी सुपुत्री राजेंद्र चंद्राकर कोदवा जिला बेमेतरा के परिणयोत्सव में वैदिक नियमावलियों के अक्षरशः पालन का मिसाल पेश किया जिसमें विवाह के आमंत्रण पत्र से लेकर अतिथियों के विदाई एवं वधु के गृहप्रवेश तक वैदिकता का ध्यान रखा गया जिसमें आमंत्रणपत्र में अक्षत दूर्वा हल्दी सुपारी के साथ सर्वप्रथम ग्राम के समस्त देवी देवताओं को आमंत्रण दिया गया तत्पश्चात सगे संबंधी आदि को चूलमाटी देवतेला जैसे विवाह के अनिवार्य कार्यक्रम में साथ ही बारात में भी किसी भी प्रकार के वाद्ययंत्रों एवं पटाखों आदि को सम्मिलित नहीं किया गया एवं ब्राह्मण को साथ लेकर मंत्रोच्चार सहित कार्यक्रम को पूर्ण किया गया साथ ही इनके द्वारा प्रभुत्व संपन्न होते हुए भी पाश्चात्य सभ्यता को रौंदते हुए बारात में केवल पूरजन और परिजन जो अनिवार्य हैं ऐसे अतिथियों को सम्मिलित किया गया बारात में भी किसी प्रकार के डीजे बैंड पार्टी आदि का प्रयोग नहीं किया गया विशेष रूप से ब्राह्मणों के उपस्थिति में कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया सर्वसंपन्न होते हुए भी वैदिकता का ध्यान रखा गया खास बात यह है कि इस विवाह में लग्न का विशेष ध्यान रखा गया बारात दिन में दो बजे प्रस्थान कर पाणिग्रहण गोधूलिबेला में संपन्न हुआ आमंत्रित परिजन पूरजन मित्रगण एवं जनप्रतिनिधियों का विशेष सम्मान एवं सत्कार किया गया इस विवाह के प्रत्येक पलों को जो दिवस के कार्यक्रम है उसे भगवान सूर्य देव के साक्षी में संपन्न कराया गया एवं जो चंद्रदेव के उपस्थिति में कार्यक्रम करने के नेग को भगवान चंद्रदेव के रात्रिकालीन बेला में संपन्न कराया गया अतिथि भी सुबह 10:00 से लेकर सूर्यास्त के पहले 6:00 बजे तक सम्मिलित हुए सभी वर्गों के आमंत्रित जनों का यथा योग्य स्वल्पाहार भोजन प्रसाद एवं उपहार देकर सम्मान किया गया। अतः हम कह सकते हैं कि ग्राम रापा में नंदलाल चंद्राकर के घर संपन्न हुए विवाह में वैदिकता का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया वधुओं के गृह प्रवेश पर इष्टदेव पूजन एवं श्रीसत्य नारायण कथा व श्रीरामचरितमानस का आयोजन भी हुआ जो आज के पाश्चात्य सभ्यता की ओर बढ़ते कदम के लिए एक अच्छा उदाहरण है।

# भवसागर से पार जाने के लिए राम कथा सुदृढ़ नौका है: पं उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम खरहट्टा में चल रहे मानस प्रवचन में परम पूज्य शंकराचार्य जी के शिष्य धर्मानन्द पंडित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि मानव जीवन बहुत दुर्लभ है भगवान की कृपा से प्राप्त होता है इसका हमें सदुपयोग करना चाहिए। भगवान ने भवसागर से पार जाने के लिए, अपना कल्याण करने के लिए, मोक्ष प्राप्त करने के लिए यह मानव तन दिया है। यह मानव तन भगवान का भजन करने के लिए मिला है भगवान की भक्ति करने के लिए मिला है।

सत्संग के द्वारा हमें इस बात की जानकारी होती है कि हमारे जीवन की वर्तमान में दशा क्या है दिशा क्या है? और वास्तव में जीवन की दिशा और दशा क्या होनी चाहिए। सत्संग के द्वारा हमें यह ज्ञात कराया जाता है कि मानव जीवन मिला है भगवान के भजन के लिए मगर हम भगवान का भजन नहीं कर रहे हैं। घर संसार के कार्यों में बहुत अधिक व्यस्त हो गए हैं और भगवान को भगवान के भजन को लगभग भूल गए हैं जितना समय भगवान को देना चाहिए भजन करना चाहिए वह हम नहीं करते। कथा सत्संग के द्वारा हमें यह ध्यान दिलाया जाता है कि संसार के कार्यों में भगवान को मत भूलो, भजन को मत भूलो भगवान का भजन करने के लिए ही और भगवान को पाने के लिए ही यह मानव तन भगवान ने दिया है। परमात्मा ने एक अवसर दिया है कि हम अपना मंगल कर सकें कल्याण कर सकें।

दान के संबंध में दो सावधानी है पहला सत्पात्र को दान देते हैं तब हमारा धन बढ़ता है पुण्य मिलता है धन पवित्र होता है यदि हम कुपात्र को दान करते हैं शराबी को जुआड़ी को मांसाहारी को तो लेने वाला और दान देने वाला दोनों नरक चले जाते हैं । इसलिए दान करने के पूर्व सावधानी जरूर रखें दान से धन पवित्र होता है मन शुद्ध होता है निष्काम भाव से दान करने पर भगवान की प्राप्ति भी हो जाती है जैसे भक्त सुदामा जी और राजा बलि को हुआ था।

# महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस पर कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ऋचा मिश्रा के निर्देशन में एक दिवसीय एनएटीएस जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनएटीएस नेशनल अप्रेंटिशिप ट्रेंनिंग स्कीम जो भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के तहत एक प्रमुख कार्यक्रम है जिसमें विद्यार्थियों को रोजगार कौशल को बढ़ाने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण का आयोजन समय-समय पर किया जाता है इसी कड़ी में महाविद्यालय में भी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर के स्त्रोत व्यक्ति के द्वारा बताए गए पंजीयन की प्रक्रिया एवं अप्रेंप्टिशिप संबंधित जानकारी को पूरे विस्तार से समझे कार्यक्रम में स्त्रोत वक्ता के रूप में सोनू उइके उपस्थित हुए उन्होंने पंजीयन की पूरी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिए कार्यक्रम का संयोजन डॉ राकेश चंदेल एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉक्टर अनिल शर्मा के द्वारा किया गया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता कन्नौज द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न संकाय के प्रभारी एवं तकनीकी सहयोग सलमान खान का रहा विभिन्न विषय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने भी पंजीयन की पूरी प्रक्रिया को समझे।

**// शपथपत्र //**

मैं मांगीलाल पटेल पिता समलू निवासी 51, बूढ़ासागर, राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव छ.ग. निवासी हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि -

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरी पुत्री रवीना पटेल के नगर पालिका परिषद कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. से प्राप्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम रवीना पटेल / RAVINI PATEL पिता का नाम मोगीलाल पटेल / MOGILAL PATEL, माता का नाम भोजबाई / BHOJ BAI, पंजीकरण संख्या 2019.14.003103 पंजीकरण दिनांक 23.11. 2019, जारी करने की तिथि 23.11.2019 जन्म तिथि 28.10.2019 माता-पिता का स्थाई पता- ग्राम बूढ़ासागर पोस्ट गंडई जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ अंकित है।
3. यह कि मैं अपनी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में अंकित पिता का नाम पिता का नाम मोगीलाल पटेल / MOGILAL PATEL का स्पेलिंग सुधार कराकर मांगीलाल पटेल/ MANGILAL PATEL अंकित कराना चाहता हूँ ।

अतः उक्त संबंध में शपथपत्र प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता
माँगीलाल

**// सत्यापन //**

मैं उक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 तक में उल्लेखित कथन सही एवं सत्य है। जांच पश्चात यदि उक्त कथन में असत्यता पाई गई तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी । साथ ही शासन द्वारा दिये जाने वाले दण्ड भी मुझे मान्य होंगे।

दिनांक 14 मई 2025

सत्यानपकर्ता
मांगी लाल

**इस समय खाद का उठाव जोर-शोर से कर रहे किसान**

# खेती किसानी की जुताई की में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



खेती किसानी खेत खलिहान की समतलीकरण व जुताई की तैयारी में जुटे किसान खरीफ फसल की तैयारी शुरू सिग्नल और ट्रैक्टर से खेतों की समतली करण और जुताई के कार्य में किसान जुट चुके है ताकि खरीफ फसल समय पर परिपक्व होकर तैयार हो सके छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है क्योंकि यहां बड़े पैमाने पर धान की पैदावार की जाती है लेकिन कबीरधाम जिले में अब एक नहीं दो शक्कर कारखाना और जगह-जगह गुड फैक्ट्री खुल जाने के कारण धान का रकबा घटने लगा है बता दे की अब किसानों से 3100 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी और एक एकड़ जमीन में 21 किवंटल धान खरीदी किया जाता है इसके चलते किसान तैयारी में जोर-जोर से जुटने लगे हैं खेत खलिहान की समतली करण सिग्नल लगाकर ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जुताई किया जा रहा है ताकि खेत की जमीन मिट्टी एक समान दिखाई दे और समतल बना रहे ताकि पानी की मात्रा एक बराबर रहे तब खरीफ की फसल समय पर परिपक्व होकर तैयार होता है बता दे कि खरीफ एक अरबी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है बारिश व मानसून आप को बता दें कि मानसून के सीजन में बोए जाने के कारण खरीफ की फसल को मानसून की फसल कहते हैं, खरीफ फसल के तहत धान मक्का जवार बाजरा की खेती की जाती है।

खेतों की जतन इस फसलों का पर्याप्त गर्मी और बारिश की आवश्यकता पड़ती है तब धान की फसल तैयार होते हैं धान की बेहतर उत्पादन के लिए रोपाई भी की जाती है जिससे पैदावार अच्छे तरीका से होते हैं धान बोने की तैयारी में किसान हल और ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जुताई कर समतली करण कर रहे हैं ताकि समय पर धान की फसल ले सके वहीं दूसरी तरह बता दें कि कई किसानो ने वैज्ञानिक पद्धति से भी खेती करने लगे हैं जैसे कारखाना से निकलने वाली खाद प्रेसमड़ जो फसलों की उत्पादन को तेज रफ्तार बढ़ता है और वहीं दूसरी तरफ गोबर खाद भी देसी खाद भी किसानों ने खेतों में डाला जा रहा जिसे खेतों की उर्वरक शक्ति को बढ़ाता है जमीन को नमी रखता है वही खाद गोदाम में किसानों ने इस समय खाद का उठाव जोर-शोर से कर रहे हैं और जिसमें सुपर फास्फेट डीएपी यूरिया पोटाश अन्य खाद सोसाइटी से उठा रहे हैं और वहीं सोसाइटी में किसानों ने किताबी उठा रहे है ताकि कृषि कार्य में काम आ सके।



## खबर संक्षेप

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 16 मई से

**कवर्धा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिले के चारो विकासखण्ड बोड़ला, इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम, पंडरिया स्कूल मैदान नवापारा पांडातराई, कवर्धा स्कूल मैदान झलमला, स.लोहारा स्कूल मैदान बम्हनी में 16 मई से 06 जून .2025 तक जिलास्तरीय आऊटडोर स्टेडियम मैदान कवर्धा में विकासखण्ड, जिलास्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रीष्कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में हॉकी, बॉलबैडमिंटन, व्हॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, कराते बैडमिंटन, एथलेटिक्स हैण्डबॉल सॉफ्टबॉल बेसबॉल, क्रिकेट, प्रशिक्षक द्वारा खिलाडिय़ों को सुबह शाम प्रशिक्षक दिया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग ले सकते है।

### 20 मई से शुरू होगी सेमेस्टर परीक्षा

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद यादव विवि ने सेमेस्टर परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी कर दिया है। इसमें द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम व एलएलबी, एलएलएम- प्रथम, तृतीय, पंचम सेमेस्टर-एटीकेटी की परीक्षा 20 मई से निर्धारित केन्द्र में होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन करने के समय उपयोग की गई आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

**कार्यवाही:** बिना दस्तावेज और सत्यापन के कबीरधाम जिले में रह रहे नौ लोगों पर कार्यवाही

# एसटीएफ की टीम ने कवर्धा के कई ठिकाने में तड़के दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में अवैध रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रह रहे और संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उन पर नकेल कसने के लिए गठित की गई टास्क फोर्स ने बुधवार की तड़के विभिन्न ठिकानो में दबिश देकर नौ संदिग्धों को पकड़ा है। इस संदिग्धों के विरूद्ध बीएनएसएस की धारा 128, 126, 135(3) एवं 170 के तहत दो अलग-अलग इस्तगासों में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इस संबंध में जिला पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की तड़के 5.00 बजे से एसटीएफ की टीम ने कवर्धा शहर और उसके आसपास के संवेदनशील इलाकों में दबिश देकर संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ली। कार्यवाही के दौरान टीम ने दर्जनों लोगों की पहचान और दस्तावेजो की जांच की। जिनके पास वैध दस्तावेज़ नहीं मिले या जो बिना किसी पुलिस सत्यापन के जिले में रह रहे थे, उनके विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में ऐसे व्यक्ति सामने आए जिनके पास न तो वैध पहचान-पत्र थे, न ही निवास या कार्य करने के उचित दस्तावेज इन व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 128, 126, 135(3) एवं 170 के तहत दो अलग-अलग इस्तगासों में अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस के मुताबिक इस्तगासा क्रमांक 10/2025, धारा 128 बीएनएसएस के तहत पंजीबद्ध आरोपियों में शमीम खान निवासी अटरिया, जालौन उत्तर प्रदेश, करमवीर निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश, धरमवीर निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश, जीवन पलार निवासी पश्चिम बंगाल, अशोक नायक निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश तथा सूर्या समलकर निवासी भंडारा महाराष्ट्र शामिल हैं। इसी प्रकार इस्तगासा क्रमांक 39/94/2025, धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस अंतर्गत आरोपी दीपक साहू निवासी बेरला, बेमेतरा हाल मुकाम कडरापारा, कवर्धा, अनिल शिव सारथी निवासी अटल आवास, कवर्धा तथा दीपक चौहान निवासी जमातपारा, कवर्धा के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक यह पूरी कार्यवाही इस स्पष्ट संदेश के साथ की गई कि बिना सत्यापन, बिना वैध दस्तावेज और बिना प्रशासनिक जानकारी के जिले में अब कोई भी व्यक्ति नहीं रह सकता। पुलिस अधीक्षक द्वारा एसटीएफ को निर्देशित किया गया है कि ऐसे सभी व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध न केवल कानूनी कार्यवाही की जाए, बल्कि उन्हें जिले से निष्कासित भी किया जाए।

इस अभियान के तहत मकान मालिकों, ठेकेदारों, व्यापारियों और प्रतिष्ठानों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि वे किसी भी व्यक्ति को बिना पुलिस सत्यापन के किराए पर रखते हैं या काम पर लगाते हैं, तो उनके विरुद्ध भी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह जिम्मेदारी केवल पुलिस की नहीं, आम नागरिकों की भी है।

### जिले के हर गली, मोहल्ले, बस्ती में चलेगा अभियान



पुलिस प्रशासन ने बताया कि कार्यवाही के लिए गठित एसटीएफ द्वारा अब जिले में चरणबद्ध रूप से अभियान चलाया जाएगा। जिसमें हर गली, हर मोहल्ले, हर बस्ती में जाकर दस्तावेजों की जांच होगी। फर्जी मतदाता पहचान पत्र, आधार, राशन कार्ड, किराएदारों से जुड़े जाली दस्तावेज़ों की बारीकी से जांच कर फर्जीवाड़ा करने वालों पर धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने दो टूक कहा है कि अब कबीरधाम जिले की सीमा में अवैध, बिना दस्तावेज़ और बिना सत्यापन के किसी को भी रहने की अनुमति नहीं है। यह अभियान सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि एक चेतावनी है जो छिपे हैं, वे खुद सामने आ जाएं, वरना एसटीएफ की कार्रवाई से बचना असंभव है। जिले की जनता से अपील की गई है कि यदि आपके आस-पास कोई संदिग्ध, बिना दस्तावेज का व्यक्ति रह रहा है तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें। आपकी गोपनीयता पूर्ण रूप से सुरक्षित रखी जाएगी।

### विशेष टास्क फोर्स का किया गया है गठन

गौरतलब है कि हाल ही में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा एक टास्क फोर्स का गठन पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के स्पष्ट निर्देश और निगरानी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल के नेतृत्व में गठित किया गया है। जो जिले में अवैध रूप से निवास कर रहे घुसपैठियों, अप्रवासियों और बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए किया गया है। इस टीम का उद्देश्य संदिग्धों की पहचान कर उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना कराना और जिले को अवैध घुसपैठियों से मुक्त करना है।

# मंदिर परिसर में लगे वर्षों पुराने नीम पेड़ में अचानक लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर में मंगलवार की देरशाम करीब 7.00 बजे उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय शीतला माता मंदिर के पास लगे एक नीम के पेड़ में अचानक आग लग गई और आग की बड़ी-बड़ी लपटे उठने लगी। इस घटना की भनक लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई और यह घटना चर्चा का विषय बन गया कि आखिर कैसे अचानक भयानक एक हरे भरे नीम के पेड़ में आग दहकने लगी।



लोगों के बीच काफी विचार विमर्श और खोजबीन के बाद भी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि आखिर आग कैसे लगी। जबकि मंगलवार की शाम को मौसम भी साफ था और पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने की भी कोई संभावना नहीं थी। इस संबंध में मंदिर के पुजारी पंडित प्रशांत शर्मा दुल्लापुर ने बताया गया कि स्थानीय शीतला मंदिर परिसर में करीब सौ साल से भी अधिक पुराना नीम का हरा भरा पेड़ मौजूद है। जिसमें मंगलवार की शाम करीब 7.00 बजे अचानक आग की काफी ऊंची लपटें उठने लगी।

उन्होने बताया कि नीम का पेड़ का तना अंदर से खोखला है आग की लपटे अंदर से ही बाहर की तरफ निकल रही थी। मंदिर के पुजारी श्री शर्मा ने आशंका जाहिर करते हुए बताया कि मंदिर में बहुत से ग्रामीण पूजा पाठ करने आते हैं ऐसे में हो सकता है कि किसी ग्रामीण ने कोई जलती हुई सामग्री पेड़ के खोखले तने में डाल दी हो जिससे भीषण गर्मी के इस मौसम में तने में आग भड़क गई हो। बहरहाल ग्रामीणों ने दमकल अमले की मदद से आग पर काबू पा लिया है।

इस अग्नी दुर्घटना में मंदिर परिसर में लगे वर्षो पुराने नीम पेड़ को काफी क्षति पहुंची है।

# जिले के 191 लाभार्थी करेंगे शिरडी, शनि सिंगनापुर व त्रयम्बकेश्वर की तीर्थ यात्रा

## श्रद्धालुओं के दल को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना




■ भक्तिमय माहोल के साथ तीर्थ यात्रा का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले से कुल 191 लाभार्थियों का दल आज शिरडी, शनि सिगनापुर एवं त्रयम्बकेश्वर तीर्थ स्थलों के लिए रवाना हुआ।

इस दल में जिले के वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ विधवा एवं परित्यक्ता महिलाएं भी शामिल हैं। यह यात्रा 14 मई से प्रारंभ होकर 17 मई 2025 को सम्पन्न होगी। यह योजना उन बुजुर्गों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो आर्थिक या अन्य सामाजिक कारणों से अपने जीवन में कभी धार्मिक स्थलों की यात्रा नहीं कर सके। यात्रा की शुरुआत के पूर्व छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने हितग्राहियों से दूरभाष के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने सभी यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने और उनके आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

तीर्थ दर्शन योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का उद्देश्य न केवल विकास कार्यों तक सीमित है, बल्कि समाज के हर वर्ग को मान-सम्मान देना भी हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण चरण में आध्यात्मिक संतोष और सामाजिक सम्मान देने का कार्य कर रहे हैं। यह यात्रा केवल धार्मिक दर्शन की नहीं, बल्कि भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव की भी यात्रा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने यात्रियों का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। यह बसें राजनांदगांव बोर्डिंग स्टेशन तक जाएंगी, जहां से आगे तीर्थ यात्रा की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिले के अन्य जनप्रतिनिधि, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, समाज शिक्षा संगठक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत मजगांव से आई भजन मंडली भी उपस्थित रही, जिन्होंने भजनों की मधुर प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस यात्रा को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कई बुजुर्गों ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उन्हें इस उम्र में इतनी गरिमा और सम्मान के साथ तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। कुछ महिलाओं ने कहा कि जीवन की कठिनाइयों के बीच यह यात्रा उनके लिए एक आशीर्वाद के समान है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना सरकार की उन कल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जो न केवल भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के मन में सम्मान और आत्मसंतोष का भाव भी पैदा करती हैं। यह योजना निश्चित रूप से वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में एक नई ऊर्जा, आध्यात्मिक विश्वास और सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। यह यात्रा धार्मिक स्थलों के दर्शन से अधिक, मानवीय संवेदनाओं और सरकार की लोककल्याणकारी सोच का प्रतीक बनकर सामने आई है।

# वनरक्षकों की सीधी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की पैदल चाल

■ जिले के 36 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के लिए जारी की गई प्रवीण्यता सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा वनमंडल अंतर्गत वनरक्षकों के 36 पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा के लिए जारी प्रवीण्यता सूची अनुसार अभ्यर्थियों का पैदल चाल परीक्षा का आयोजन बुधवार को प्रातः 5.00 बजे से सरोधा बांध के समीप सरोधा से छपरी मार्ग पर किया गया।

इस परीक्षा में कुल 36 अभ्यर्थियों में से 33 अभ्यर्थीयों ने भाग लिया। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पैदल चाल परीक्षा में पुरूष अभ्यर्थियों कुल संख्या 28 में से 26 एवं महिला अभ्यर्थियों की कुल संख्या 08 में से 07 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। पैदल चाल की निर्धारित समय-सीमा पुरूष अभ्यर्थी के लिए 25 किलो मीटर की दूरी 04 घंटे एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए 14 किलो मीटर की दूरी 04 घंटे में तय किया जाना था, जिसमें सभी अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा के पूर्व पैदल चाल परीक्षा पूर्ण कर लिया गया है। परीक्षा के सफल आयोजन में विशेष रूप सें निखिल अग्रवाल (भावसे) वनमंडलाधिकारी, कवर्धा के मार्गदर्शन पर समस्त उप वनमंडलाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी तथा समस्त क्षेत्रीय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



# नगर पंचायत पाण्डातराई की सफाई चौपट, बजबजा रही नालियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई प्रशासन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी व गैर जिम्मेदारी के चलते नगर की साफ-सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट नजर आ रही है। आलम ये है कि नगर के वार्डो की नालियां गंदगी और कूड़ा करकट से बजबजा रही है और नालियां जाम हो चुकी है। जिसके कारण नालियों का गंदा पानी वार्डो की सीसी रोड में फैल रहा है जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वार्डवासियों ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत द्वारा नालियों की सफाई में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते वार्डो में मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। इसके अलावा कचरे का भी निष्पादन तथा उठाव सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण नगर में जहां तहां कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। नगरवासियों ने नगर पालिका प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधयों से नगर की सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराए जाने की मांग की है।



## बस्तर के मानवशास्त्री व समाज सेवक दम्पत्ति पहुंचे वनांचल ग्राम बांसटोला



**कवर्धा।** सामाजिक समरसता और मानव विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत मूलतः बस्तर निवासी मानवशास्त्री एवं समाजसेवी दम्पत्ति डॉ. रूपेंद्र कवि और मोनिका कवि ने अपनी 15 वीं वैवाहिक वर्षगांठ एक अनोखे और प्रेरणादायक अंदाज में मनाई। इस अवसर पर वे अपने बच्चों सहित पंडरिया विकासखंड के घने जंगलों व पहाड़ियों के बीच स्थित बैगा जनजाति के ग्राम बांसटोला पहुंचे और वहां के निवासियों के साथ समय बिताया। दोनों ने बैगा समुदाय की पारंपरिक भेषभूषा धारण कर उनके बीच घुल-मिलकर आत्मीयता के साथ दिन बिताया। उनके इस प्रयास को क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता एवं बैगा संस्कृति के गहरे जानकार गोपीकृष्ण सोनी का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दंपति ने गांव के बच्चों व बुजुर्गों के बीच बिस्किट व नमकीन जैसे हल्के नाश्ते का वितरण भी किया। डॉ. कवि दम्पत्ति ने बताया कि उनका उद्देश्य महज उत्सव मनाना नहीं, बल्कि जमीनी संस्कृति, जीवनशैली और मानव-संवेदनाओं के साथ जुड़ाव बनाना है। इससे पहले भी वे बस्तर सहित कई क्षेत्रों में आदिवासी समाज के बीच उत्सवों, शिविरों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर चुके हैं और अपने कार्यों से आकर्षण का केंद्र बने हैं। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने सहयोगी श्री सोनी और समस्त ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**तालाबों के व्यवसायिक उपयोग के चलते गायब हो गया ढेंस कांदा का स्वाद**

# तालाबों से कमलकंद गायब, गर्मी में दम तोड़ रहे तालाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

छत्तीसगढ़ में पसंदीदा सब्जी के रूप में उपयोग किया जाने वाला ढेंस कांदा अब धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहा है। क्योंकि तालाबों की सुंदरता और उन्हें आठों महिने बारह काल पानी से लबालब रखने में खासे मददगार कमलकंद अब अंचल के तालाबों में नजर ही नहीं आते। इस स्थिति के चलते जहां तलाबों के अस्तित्व पर तो खतरा मंडरा ही रहा है साथ ही लोगों को अपनी मनपसंद और बेहद पौष्टिक माना जाने वाला ढेंस कांदा भी नहीं मिल पा रहा है। लेकिन व्यवसायिक उपयोगिता से दूर कुछ एक तालाब जरूर है जिनमें कमल के फूलों की मनमोहक छंटा के साथ-साथ विपरीत मौसम में लबालब पानी तो नजर आता ही है साथ ही ये तालाब लोगों को ढेंस कांदा भी उपलब्ध कराते हैं। विकासखण्ड बोड़ला में बैजलपुर मार्ग स्थिति एक ऐसा ही तालाब स्थित है जहां इस भीषण गर्मी में न सिर्फ कमल की मनमोहक छटा दिखाई देती है बल्कि साफ निर्मल पानी भी मन को मोह लेता है। इस तालाब से ग्रामीण ढेंस कांदा भी प्राप्त करते हैं। अंचल के बजुर्गो की माने तो एक समय था जब प्रायः सभी गांवों के तालाबों में कमलकंद प्रमुखता से पाया जाता था। कमलकंद तालाबों की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें विपरीत मौसम में भी सूखने से बचाए रखने में काफी मददगार साबित होता था। वहीं इसकी वजह से तालाब का पानी भी स्वच्छ रहता था। इसके अलावा लोग कमल फूल की डंडी यानी ढेंस कांदा का उपयोग सब्जी के रूप में भी करते हैं। कमलकंद की इस उपयोगिता को देखते हुए ही पुराने लोग तालाबों में इसे विशेष स्थान दिया करते थे। लेकिन आज हालत बदल गए है। जब से तालाबों का व्यवसायिक उपयोग करते हुए मछली पालन प्रारंभ किया गया है कमलकंद का अस्तित्व ही नष्ट हो गया है। गांव में आम निस्तारी के लिए रीड़ की हड्डी माने जाने वाले इन तालाबों को शासन की योजनाओं के तहत लीज पर लेकर मछली पालन करने वालों ने इन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिसका दुष्परिणाम आज हम सबके सामने है। तालाबों में वीरानी सी छाई रहती है सो तो अलग है उस पर गर्मी के शुरूआती दौर में ही अंचल के आधे से अधिक तालाबों का पानी गायब हो जाता है। बचे खुचे तालाब गर्मी के अंत तक सूख कर फट पड़ते है। जिसका खामियाजा मानव समाज के साथ-साथ जीव-जंतुओं को भी भुगतना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए आज फिर इन कमलकंदों की आवश्यकता अंचल के तालाबों में महसूस की जा रही है।

# आक्रामक बंदर का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम के अंतर्गत ग्राम पांडातराई में एक आक्रामक बंदर द्वारा ग्रामीणों पर हमला करने की सूचना प्राप्त होने पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) छत्तीसगढ़, रायपुर एवं मुख्य वन संरक्षक दुर्ग वृत्त, दुर्ग से प्राप्त निर्देशानुसार निखिल अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी कवर्धा के निर्देशन, सुयश धर दीवान उपवनमंडलधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन एवं श्रीमती पल्लवी गंगबेर, वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया पश्चिम के कुशल नेतृत्व में बंदर को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। जानकारी के मुताबिक एक बंदर पिछले कुछ दिनों से आक्रामक हो गया था एवं आस पास के ग्रामीणों पर हमला कर नुकसान पहुंचा रहा था। इस बंदर ने एक महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आक्रामक बंदर को उसके साथी बंदरों द्वारा घायल भी कर दिया गया था। आमजनो एवं वन्यप्राणी बंदर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बंदर का रेस्क्यू करने के लिए बिलासपुर से वेटनरी डॉक्टर चंदन को बुलाया गया। वन विभाग की टीम एवं डॉक्टर चंदन द्वारा मिलकर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। डॉक्टर चंदन द्वारा बंदर का प्रारंभिक उपचार किया गया। उपचार उपरांत बंदर पुरी तरह से स्वस्थ पाए जाने पर उनके द्वारा फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। जिसके बाद बंदर को भोरमदेव अभ्यारण्य ले जाकर उसके सुरक्षित रहवास में छोड़ा गया।

